लखनऊ । वाराणसी । नई दिल्ली

29 नवम्बर 2026 रविवार
वर्ष : 20 अंक: 145
पृष्ठ : 8
वाराणसी
काशी संस्करण
मूल्य: 2.00 रूपए

लोक हस्तक्षेप

Power Of Truth

हिन्दी दैनिक



www.facebook.com/lokhastakshep www.twitter.com/lokhastakshep /Lokhastakshep /Lokhastakshep

www.lokhastakshep.com



परिसीमन बिल पास हुआ तो यूपी में 650 तक हो सकती हैं विधानसभा सीटें : अमित शाह



एजेंसी,नयी दिल्ली। महिला आरक्षण को जल्द लागू करने की तैयारी में जुटी केंद्र सरकार परिसीमन से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक भी संसद में पेश करने जा रही है। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा के साथ राज्यों की विधानसभाओं में भी सीटों की अधिकतम संख्या बढ़ाने की योजना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जानकारी दी है कि विधेयक पारित होने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा की अधिकतम सीटों की सीमा 500 से बढ़ाकर करीब 650 की जा सकती है। फिलहाल उत्तर प्रदेश में 403 विधानसभा सीटें हैं। प्रस्तावित बदलाव से भविष्य में राज्य में विधायकों की संख्या बढ़ाने का रास्ता खुल सकता है। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर 132वें संविधान संशोधन विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिलने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया यह फैसला सभी राज्यों में जनप्रतिनिधित्व बढ़ाने और शासन को जनता के करीब लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। गृह मंत्री के मुताबिक, संविधान के अनुच्छेद 170(1) में संशोधन करके राज्य विधानसभाओं की अधिकतम सीटों की सीमा 500 से बढ़ाकर लगभग 650 करने का प्रस्ताव है। इससे उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य को विधानसभा में अपना प्रतिनिधित्व बढ़ाने का अवसर मिल सकता है। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं है कि यूपी में तत्काल 650 सीटें हो जाएंगी। मौजूदा 403 सीटों में बदलाव के लिए आगे परिसीमन और संबंधित संवैधानिक प्रक्रिया पूरी करनी होगी। गृह मंत्री ने कहा कि महिलाओं को जनप्रतिनिधित्व में मजबूत भागीदारी दिलाना मोदी सरकार का संकल्प रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। शाह के अनुसार, प्रस्तावित बदलाव लागू होने से महिलाओं को विधायी संस्थाओं में अधिक प्रतिनिधित्व मिल सकेगा। इससे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की नीतियों को ज्यादा समावेशी बनाने में मदद मिलेगी। लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से नीति निर्माण, कानून बनाने और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के निर्धारण में भी उनकी भूमिका मजबूत होगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इस पहल का समर्थन करने की अपील की है।

□ प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, २ दिसंबर को राज्यसभा की बैठक होगी और ३ दिसंबर तक दोनों सदनों की कार्यवाही चलने की संभावना है। सरकार का प्रयास है कि विशेष सत्र में इन विधेयकों पर चर्चा कराकर संवैधानिक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए।

परिसीमन बिल से प्रशस्त होगा 2029 में महिला आरक्षण लागू होने का मार्ग : योगी

◆ प्रधानमंत्री और केंद्रीय कैबिनेट का सीएम ने जताया आभार, यूपी के सभी सांसदों से विधेयक के समर्थन की अपील



लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा परिसीमन विधेयक को मंजूरी दिए जाने का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रिमंडल का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि निर्णय नारी शक्ति वंदनअधिनियम को 2029 के लोकसभा चुनाव में लागू करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इससे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था प्रभावी हो सकेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पहले ही संसद से पारित हो चुका है। परिसीमन विधेयक को कैबिनेट की मंजूरी से संसद और विधानसभाओं में सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि का रास्ता साफ होगा। 2011 की जनगणना को आधार बनाकर राज्यों की मौजूदा लोकसभा सीटों का अनुपात यथावत रहेगी और उसी अनुपात में सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

इससे किसी राज्य की हिस्सेदारी प्रभावित होने की आशंका नहीं रहेगी। महिला आरक्षण को प्रारंभिक तौर पर 15 वर्षों के लिए लागू करने और रोटेशन की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के माध्यम से आगे बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सांसदों से परिसीमन विधेयक का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि वे नारी शक्ति वंदन अधिनियम को 2029 के लोकसभा चुनाव में लागू करने का मार्ग प्रशस्त करने में अपना योगदान दें। नारी शक्ति का सशक्तीकरण समृद्ध भारत के निर्माण का आधार है।

बंगाल को यूपी जैसा बनाना है, पुलिस को दी खुली छूट, एनकाउंटर पर बोले मंत्री दिलीप घोष



एजेंसी,कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री दिलीप घोष ने राज्य में पुलिस एनकाउंटर पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राज्य को उत्तर प्रदेश जैसा बनाना है। व्यवस्था में सुधार लाना होगा। इसके लिए हमने पुलिस को खुली छूट दी है। आसनसोल एनकाउंटर पर मंत्री दिलीप घोष ने कोलकाता में मीडिया से बात करते हुए कहा, इससे पता चला है कि बंगाल की कानून–व्यवस्था कहां तक पहुंची है और अपराधियों का हौसला कितना बढ़ा हुआ है कि वो पुलिस को चुनौती देते हैं और फायरिंग करते हैं। ऐसे में पुलिस कानून–व्यवस्था को सुधारने के लिए मजबूर है और जो उन्हें ठीक लगता है, वैसी कार्रवाई की जाती है। राज्य में अन्य पुलिस एनकाउंटर पर उन्होंने कहा, हम (पश्चिम बंगाल को) उत्तर प्रदेश बनाना चाहते हैं। हमने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देखी है। हमने वहां जाकर उत्तर प्रदेश की कानून–व्यवस्था देखी है। हमने बिहार की कानून–व्यवस्था भी देखी है। पहले माफिया और गुंडे 50–50 गाड़ियां लेकर घूमते थे, क्या अब किसी में ऐसा करने की हिम्मत है? इसलिए पश्चिम बंगाल में वही इलाज करना होगा, जो कारगर है। हमने पुलिस को खुली छूट दी है। दिलीप घोष ने संसद में परिसीमन विधेयक लाने की तैयारियों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, मौजूदा हालात के हिसाब से देश की आबादी बढ़ी है। इसे ध्यान में रखते हुए नए संसद भवन में सीटों की संख्या डेढ़ गुना कर दी गई है।

जम्मू–कश्मीर में सड़क नेटवर्क होगा मजबूत

एजेंसी,जम्मू । जम्मू–कश्मीर में लगभग 42,121 किलोमीटर का सड़क नेटवर्क है, जबकि यहां की कुल सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाएं लगभग 1.28 लाख करोड़ रुपये की हैं। इसमें जारी, स्वीकृत और प्रस्तावित परियोजनाएं शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। सिंह ने केंद्र शासित प्रदेश में प्रमुख सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और विकास योजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए मुख्य सचिव सज्जन सिंह यादव की अध्यक्षता मेंआयोजित एक समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने बताया कि अनुमानित 70,839 करोड़ रुपये की 31 अन्य परियोजनाएं विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) या सैद्धांतिक मंजूरी के चरण में हैं। उन्होंने कहा कि जेड–मोड़ सुरंग को चालू कर दिया गया है ।

केंद्र सरकार सूखा राहत जारी करे, नहीं तो दिल्ली चलो विरोध प्रदर्शन शुरू किया जाएगा : सीएम शिवकुमार



एजेंसी,बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार बेलागवी में होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र के खत्म होने से पहले राज्य को सूखा राहत राशि जारी नहीं करती है तो उनकी सरकार दिल्ली चलो विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वह रविवार को दिल्ली में केरल और तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात करेंगे। वे लोकसभा क्षेत्रों के प्रस्तावित परिसीमन (डिलिमिटेशन) पर चर्चा करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से भाजपा को फायदा होगा और दक्षिणी राज्यों को नुकसान उठाना पड़ेगा। विधान सौधा के संगम कॉन्फ्रेंस हॉल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शिवकुमार ने कहा कि केंद्र ने अब तक कर्नाटक के लिए सूखा राहत के तौर पर एक रुपया भी जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा, हमने कैबिनेट में इस मुद्दे पर चर्चा की है और हम हर तरह का विरोध प्रदर्शन करेंगे। अगर केंद्र सरकार बेलागवी सत्र के खत्म होने से पहले मुआवजा जारी नहीं करती है, तो हम सत्र के बाद दिल्ली चलो आंदोलन शुरू करेंगे। जब उनसे पूछा गया कि अगर केंद्र सूखा राहत नहीं देता है तो क्या राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी, तो शिवकुमार ने कहा कि सरकार कोर्ट जाएगी। साथ ही, उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री से सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात का समय भी मांगा है। उन्होंने कहा कि सरकार शीतकालीन सत्र के दौरान कन्नड़ ध्वज को मान्यता देने का मुद्दा भी उठाएगी।

उन्होंने इसे राज्य के गौरव और कन्नड़ भाषी लोगों के आत्मसम्मान से जुड़ा मामला बताया। अनुसूचित जातियों (एससी) के आरक्षण के बारे में उन्होंने कहा कि कोर्ट में राज्य को मिली असफलता के बाद, आरक्षण बढ़ाने के फैसले को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने पर सर्वसम्मति बनी है। अपनी दिल्ली यात्रा के बारे में शिवकुमार ने बताया कि वह शनिवार रात बेंगलुरु से रवाना होंगे और रविवार को केरल और तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों के साथ केंद्र के लोकसभा क्षेत्रों के प्रस्तावित परिसीमन पर चर्चा करेंगे।

संसद सत्र से पूर्व तृणमूल कांग्रेस ने सांसदों ने व्हिप जारी किया, कहा, हर हाल में सदन में मौजूद रहे

एजेंसी,नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को अपने सभी लोकसभा सदस्यों को व्हिप जारी कर संसद की विशेष बैठक के दौरान सदन में उपस्थित रहने को कहा है। इस बैठक में सरकार परिसीमन विधेयक पेश करने जा रही है। तीन–पंक्ति के इस व्हिप में, लोकसभा में तृणमूल संसदीय दल के नेता अभिषेक बनर्जी ने पार्टी के सभी सांसदों से 30 नवंबर से चार दिसंबर तक हर हाल में सदन में उपस्थित रहने और पार्टी के रुख का समर्थन करने का अनुरोध किया है। व्हिप में कहा गया,इसे अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाए। संविधान (132वां संशोधन) विधेयक, 2026 का उद्देश्य लोकसभा की अधिकतम सदस्य संख्या बढ़ाकर 850 करना है, जिसमें राज्यों से अधिकतम 815 और केंद्र शासित प्रदेशों से 35 सदस्य शामिल होंगे।


परिसीमन प्रक्रिया का स्वागत, इससे लोगों का प्रतिनिधित्व मजबूत होगा : चिराग पासवान

एजेंसी,नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने शनिवार को परिसीमन के जरिए लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे विधायी सदनों में लोगों की आवाज को मजबूत करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा, बिहार सहित देश के सभी राज्यों में जनप्रतिनिधित्व का विस्तार जनता की आवाज को सदनों तक और मजबूती से पहुंचाने का अवसर देगा।

सहारनपुर की दोनों सीटें कांग्रेस की, अखिलेश बड़ा दिल दिखाएं : इमरान मसूद

एजेंसी,नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद ने शनिवार को कहा कि सहारनपुर जिले की जिन दो विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं, वे कांग्रेस की हैं। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से बड़ा दिल दिखाने और कांग्रेस को भी जगह देने का भी आग्रह किया। मसूद ने बातचीत में कहा कि इस मामले में कांग्रेस की स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है। उनकी पार्टी सपा के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है और अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनते देखना चाहती है, लेकिन कांग्रेस को भी चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, दोनों सीट कांग्रेस की हैं। कांग्रेस ने 2017 में इन सीटों पर जीत हासिल की थी। वर्ष 2022 में सपा ने ये सीट इसलिए जीतीं, क्योंकि मैं उस समय सपा में शामिल हो गया था।

एसयूवी खाई में गिरी, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत



एजेंसी,श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में एक एसयूवी के खाई में गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और एक बच्ची घायल हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार देर रात उरी क्षेत्र के गोहलान में हुआ, जब परिवार पास के ही एक गांव में शादी समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहा था। एसयूवी में चालक समेत कुल पांच लोग सवार थे। सभी को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में सैयद शफीक शाह (26), उनकी पत्नी राशिदा बानो (25), उनकी बहन दिलनाज फातिमा (17) और चचेरी बहन शाहिदा फातिमा (27) ने दम तोड़ दिया।

परिसीमन विधेयक लोकतंत्र और एससी-एसटी के हितों के खिलाफ, देश को नुकसान होगा : खरगे



एजेंसी,नयी दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया ने लोकसभा की सदस्य संख्या बढ़ाकर 850 करने और परिसीमन से जुड़े प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयकों को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पास सत्ता बनाए रखने तथा लोकतंत्र को खत्म करने के मकसद से ये विधेयक ला रही है। इसने यह भी कहा कि ये विधेयक अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के हितों के खिलाफ हैं तथा इनका पुरजोर विरोध किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने आवास पर आयोजित विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं की की बैठक के बाद संवाददाताओं कहा कि लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा सत्ता को अपने हाथ में केंद्रित रखने की है और इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित होगी। खरगे ने कहा कि संविधान मेंआरक्षण से संबंधित प्रावधानों के तहत लोकसभा की सदस्य संख्या बढ़ने पर अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी)के लिए आरक्षित सीटों की संख्या में भी उसी अनुपात में वृद्धि होनी चाहिए थी, लेकिन प्रस्तावित विधेयकों में इन वर्गों के हितों का उचित ध्यान नहीं रखा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यदि ताजा जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन किया जाता है तो एससी और एसटी समुदायों की हिस्सेदारी बढ़ सकती है, लेकिन सरकार ऐसा नहीं चाहती और इन वर्गों को उनका उचित प्रतिनिधित्व देने से बच रही है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए खरगे ने आरोप लगाया कि उनके नेतृत्व में निष्पक्ष परिसीमन की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि ज्ञानेश कुमार तो अपराधी की श्रेणी में आते हैं।इश उन्होंने असम और जम्मू–कश्मीर में हुए परिसीमन का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार अपने राजनीतिक हितों के अनुरूप निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं तय कर सकती है।

कश्मीर में बढ़ी ठंड, श्रीनगर में तापमान शून्य से 2.4 डिग्री नीचे

एजेंसी,श्रीनगर। कश्मीर में तापमान लगातार गिर रहा है और श्रीनगर में लगातार पांचवीं रात इस मौसम की अब तक की सबसे कम



तापमान वाली रात रही। यहां न्यूनतम तापमान शून्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान में बुधवार रात के शून्य से दो डिग्री सेल्सियस नीचे के मुकाबले मामूली गिरावट दर्ज की गई। घाटी के कई हिस्सों में कोहरा छाया रहा। कश्मीर में पहलगाम सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। पिछली रात यहां तापमान शून्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस नीचे था। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर में घाटी के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से दो डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर कश्मीर में कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में यह 0.5 डिग्री सेल्सियस रहा। साथ ही, रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

शहर के सेंट लॉंस स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

लोक हस्तक्षेप समाचार

उन्नाव । प्रियदर्शनी में सेंट लॉरेंस स्कूल में वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर इलियास कार्डोजा, उपप्रधानाध्यापिका सिस्टर लता सी.जे. तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, एवं लखनऊ डायसिस के विकर जनरल फादर फ्रांसिस डिसूजा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेयर डांस से किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की गायक मंडली ने मनमोहक गीत का प्रस्तुतीकरण किया। वार्षिकोत्सव के मुख्य कार्यक्रम का प्रारंभ नृत्य नाटक के माध्यम से हुआ, जिसकी मुख्य विषयवस्तु बच्चों में बढ़ती नकारात्मक प्रवृत्तियों एवं आधुनिक जीवनशैली के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना था।



आज के समय में बच्चे संस्कारों का अभाव, डिजिटल उपकरणों और मोबाइल फोन की बढ़ती लत, अनावश्यक लालच, झूठ बोलने की आदत तथा प्रकृति और प्राकृतिक जीवन से बढ़ती दूरी जैसी समस्याओं से प्रभावित हो रहे हैं। इसी गंभीर विषय को ध्यान में रखते हुए विद्यालय ने अपने वार्षिक समारोह के माध्यम से समाज और बच्चों को एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया है।

नाटक में विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर नाटक को रंगारंग स्वरूप में प्रस्तुत किया गया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से यह दर्शाया गया कि बच्चों को डिजिटल दुनिया का संतुलित उपयोग करना चाहिए तथा लालच और झूठ जैसी आदतों से दूर रहकर ईमानदारी, सादगी और अच्छे संस्कारों को अपनाना चाहिए।

समारोह का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के करीब लाना, पारिवारिक एवं सामाजिक मूल्यों का महत्व समझाना और उन्हें एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने अपने संभाषण में कहा कि उनका मानना है कि बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल किताबी शिक्षा से नहीं, बल्कि अच्छे संस्कारों, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच से भी संभव है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर इलियास कार्डोजा के मार्गदर्शन में शिक्षकगण एवं विद्यार्थी ने इस आयोजन को सफल बनाया है। इस वार्षिक समारोह ने मनोरंजन के साथ–साथ समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश देने का प्रयास किया।

महिला आरक्षण का विरोध करने वालों को महिलाएं याद रखेंगी : केशव

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी लखनऊ में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने महिला आरक्षण और परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण लागू करने की राह में बाधा डालने का काम किया है। मौर्य ने कहा कि देश की मातृशक्ति महिला आरक्षण का विरोध करने वाले दलों को याद रखेगी। उन्होंने प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। केशव मौर्य ने कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े प्रस्ताव देश के हित में हैं।

अंडर–16 राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में उन्नाव को मुरादाबाद ने 8 विकेट से हराया

लोक हस्तक्षेप समाचार

उन्नाव। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी के मिश्रा ने बताया कि जालौन में आयोजित द्वितीय स्वर्गीय गजाधार चतुर्वेदी मेमोरियल राज्य स्तरीय अंडर–16 क्रिकेट टूर्नामेंट 2026–27 के लीग मुकाबले में जिला क्रिकेट एसोसिएशन उन्नाव की टीम को जिला क्रिकेट एसोसिएशन मुरादाबाद की टीम ने 8 विकेट से पराजित किया।

एमएसबी इंटर कॉलेज, कालपी में खेले गए मुकाबले में मुरादाबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए उन्नाव की टीम ने 19.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 197 रन बनाए। उन्नाव की ओर से आयुष ने 15 गेंदों पर 35 रन तथा आशीष गौतम ने 33 गेंदों पर 36 रनों की शानदार पारियां खेलीं। कप्तान सुयश सिंह ने 13 गेंदों पर 23 रन और अनुज राजपूत ने 18 रनों का योगदान दिया।मुरादाबाद की ओर से राजा ने 3 विकेट तथा यथार्थ व्यास ने 2 विकेट प्राप्त किए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुरादाबाद की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 14.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 198 रन बनाकर मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया। मुरादाबाद की ओर से मोहम्मद जैद ने 37 गेंदों पर 70 रन, अयान सुधाकर ने मात्र 18 गेंदों पर नाबाद 56 रन तथा असजद ने 20 गेंदों पर 54 रनों की विस्फोटक पारियां खेलीं।उन्नाव की ओर से अल्तमाश ने 4 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किए। जिला क्रिकेट एसोसिएशन उन्नाव का अंतिम लीग मैच 29 नवम्बर को फिरोजाबाद से होगा।

बाइक से गिराकर सर्राफा व्यापारी से लूटे 200 ग्राम चांदी और सात हजार रुपये

रामकोट क्षेत्र में ओवरटेक कर बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम लूट के बाद फरार।

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक सर्राफा व्यापारी को निशाना बनाते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार व्यापारी बाइक से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में बदमाशों ने उसकी बाइक को ओवरटेक कर गिरा दिया। इसके बाद



बदमाश व्यापारी के पास मौजूद करीब 200 ग्राम चांदी और सात हजार रुपये की नकदी लूटकर फरार हो गए।

अचानक हुई इस वारदात से व्यापारी घबरा गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया। सर्राफा व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना से स्थानीय व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

घटना रामकोट थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार होकर पुलिस के सामने चुनौती खड़ी कर दी है।

घटना के संबंध में पुलिस की कार्रवाई और बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

बहू के प्रेमी को ससुर ने मार डाला, लोहे की रॉड के हमले से महिला घायल

बांदा,संवाददाता। जनपद में प्रेम प्रसंग के विवाद में ससुर ने बहू और उसके प्रेमी पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। प्रेमी की मौके पर ही मौत हो गई। बहू गंभीर रूप से घायल हो गई। खून से लथपथ हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल महिला को पहले नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। परिजन के अनुसार, मृतक और घायल महिला के बीच करीब एक साल से प्रेम संबंध चल रहे थे। दोनों पहले ईंट–भट्ठे पर मजदूरी करते थे। हाल ही में गांव लौटे थे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची



और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। मृतक राम मनोहर, पुत्र नत्थू वर्मा के परिवार में तीन बेटे और एक बेटी हैं। उनकी पत्नी रीता बच्चों के साथ हरियाणा में ईंट–भट्ठे पर मजदूरी करती हैं। वहीं, घायल विद्या स्वर्गीय कल्लू वर्मा की पत्नी हैं और उनके चार बेटे हैं। जानकारी के मुताबिक, विद्या के पति कल्लू वर्मा की करीब छह साल पहले बीमारी के चलते मृत्यु हो चुकी थी।

घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल विद्या को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, बांदा रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतक राम मनोहर के छोटे भाई रामनरेश ने पुलिस और परिजनों को बताया कि राम मनोहर और विद्या के बीच करीब एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। रामनरेश के अनुसार, विद्या का घर राम मनोहर के घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। दोनों पहले हरियाणा के एक ईंट–भट्ठे पर काम करते थे और बाद में सूरत में भी साथ रहे थे। रामनरेश ने बताया कि राम मनोहर 17 नवंबर को विद्या को साथ लेकर गांव लौटा था। इसी के चलते शनिवार देर रात करीब आठ बजे राजकरण ने दोनों पर लोहे की सांग से हमला बोल दिया। वारदात की सूचना मिलते ही चौकी ओरन पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक राम मनोहर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुर्गावती मेडिकल कॉलेज भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं और घटना के वास्तविक कारणों की गहन जांच की जा रही है।

कांग्रेस ने 'वोट बचाओ देश बचाओ' चौपाल लगायी

बस्ती,संवाददाता। हरैया विधानसभा क्षेत्र (307) के छपिया शुक्ल गांव में 'वोट बचाओ देश बचाओ' चौपाल हुई। यह कार्यक्रम रानी की बगिया स्थित शनि मंदिर के पास आयोजित किया गया। चौपाल का आयोजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर किया गया ।

अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 63 पुलिसकर्मियों का तबादला

उरई/जालौन,संवाददाता। कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। कई थाना प्रभारियों के गैर जनपद स्थानांतरण के बाद एसपी ने नई तैनाती करते हुए कई थानों के प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों को बदल दिया है। इसके साथ ही निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी और आरक्षियों समेत कुल 63 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक राजेश कुमार सिंह को अतिरिक्त निरीक्षक कालपी से प्रभारी निरीक्षक कालपी बनाया गया है।

अमीराम को प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ से प्रभारी निरीक्षक रेढ़र, जय प्रकाश चौबे को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक कुठौंद, विनोद कुमार मिश्र को माधौगढ़ से प्रभारी निरीक्षक एट, राजेश पाल सिंह को प्रभारी डीसीआरबी से प्रभारी निरीक्षक कोंच तथा वेद प्रकाश पाण्डेय को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक माधौगढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं निरीक्षक पप्पू आदिवासी



को पुलिस लाइन से विशेष जांच प्रकोष्ठ, अजीत कुमार को प्रभारी जनसूचना सेल, दिनेश कुमार कुरील को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, कुलदीप कुमार तिवारी को प्रभारी वीआईपी सेल एसजेपीयू तथा शिवशंकर प्रताप सिंह को वाचक पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। उपनिरीक्षक शिवशंकर सिंह को एट थानाध्यक्ष से कोटरा थानाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि रेढ़र थानाध्यक्ष अभिनेन्द्र सिंह को प्रभारी डीसीआरबी की जिम्मेदारी दी गई है। हिमांशू श्रीवास्तव को पुलिस लाइन से प्रभारी सर्विलांस बनाया गया है। धीरेन्द्र कुमार पटेरिया को चौकी प्रभारी काबिलपुरा डकोर, विपिन कुमार को ज्ञानभारती कालपी से थाना कैलिया तथा अश्वनी दीक्षित को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी ज्ञानभारती कालपी भेजा गया है। रोहित कुमार को चौकी प्रभारी सुरही थाना कोंच, अभिषेक सिंह को सुरही चौकी से थाना कोंच, नन्हे लाल को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना जालौन बनाया गया है।

रजनीश कुमार माल निस्तारण प्रकोष्ठ के साथ मीडिया सेल का भी कार्य देखेंगे। इदरीश अहमद और शिवपाल सिंह को डकोर से थाना नदीगांव भेजा गया है। विश्वनाथ सिंह को कोटरा से न्यायिक सम्मन सेल, संजीव कुमार गुप्ता को कोतवाली उरई से न्यायालय सुरक्षा तथा कुलवन्त सिंह को आटा से माधौगढ़ थाने में तैनाती दी गई है।

वैदिक मंत्रों के साथ महादेव महोत्सव में अमरनाथ गुफा बनाने के लिए भूमिपूजन

बाराबंकी,संवाददाता। लोधेश्वर महादेव में 6 दिसंबर से शुरू होने वाले महादेव महोत्सव के लिए अमरनाथ गुफा बनाने का काम शुरू हो गया है। शनिवार को भूमि पूजन और खंभ स्थापना की गई। इस बार गुफा 40 फीट ऊंची बनाई जाएगी। स्व ठाकुर भगौती सिंह स्मारक दुर्गा पूजा समिति, रानीगंज के अध्यक्ष सूरतगंज पूर्व ब्लॉक प्रमुख बृजपाल सिंह उर्फ ज्ञानू सिंह कजियापुर तथा महामंत्री दुर्गेश मिश्रा ने आयोजन समिति के सदस्यों व कर्मचारियों के साथ पूजा पंडाल बनाने की शुरुआत की। रामनगर की उपजिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता और आयोजन समिति के सदस्यों ने भूमि पूजन किया। पंडित अनिल शास्त्री और रवि पाठक ने वैदिक मंत्रों के साथ पूजा कराई। आयोजन समिति के अध्यक्ष बृजपाल सिंह उर्फ जानू ने बताया कि गुफा में बर्फ का शिवलिंग बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार पिछले साल से बेहतर आयोजन करने की कोशिश होगी। समिति के महामंत्री दुर्गेश मिश्रा द्वारा बताया गया यह रानीगंज में 40 वर्षों से दुर्गा जागरण का भव्य कार्यक्रम किया जाता है उसी की तर्ज पर महादेवा महोत्सव में बाबा अमरनाथ बर्फानी की गुफा बनाए जाने के लिए आज भूमि पूजन खंभ स्थापना पूजा पाठ के साथ शुरू की गई है। पिछले वर्षों में भी महोत्सव में 40 फीट ऊंची अमरनाथ गुफा बनाई गई थी। इसे देखने और बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शन के लिए आसपास के लोग पहुंचे थे। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान लोधौरा अजय कुमार तिवारी उर्फ राजन, अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह, शेखर पंडित, अमित आजाद, अखिलेश सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित तिवारी, संदीप शुक्ला, रामू शुक्ला, अंकित तिवारी, तीव्र गुप्ता,प्रशांत मिश्रा और शक्ति अवस्थी, आदर्श तिवारी और रानीगंज दुर्गा पूजा जागरण समिति के सदस्य भी शामिल हुए।

पंचायत भवन से सोलर पैनल चोरी ग्राम प्रशासक ने शिकायत दी

बस्ती,संवाददाता। जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र की रामगढ़ उर्फ कठार जंगल ग्राम पंचायत में पंचायत भवन पर लगा सोलर पैनल चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन को निशाना बनाते हुए वहां लगे सरकारी सोलर पैनल पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी होने के बाद ग्राम प्रशासक ने कप्तानगंज थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रशासक की ओर से थाना अध्यक्ष को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, रामगढ़ उर्फ कठार जंगल ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में ग्राम निधि से सोलर पैनल लगवाया गया था। आरोप है कि 26 नवंबर की रात अज्ञात चोर पंचायत भवन में लगे सोलर पैनल को खोलकर चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर ग्राम प्रशासक ने 28 नवंबर को कप्तानगंज थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी। शिकायती पत्र में चोरी की घटना का उल्लेख करते हुए पुलिस से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है। पंचायत भवन में लगे सरकारी उपकरण की चोरी की घटना से पंचायत की संपत्तियों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी भवनों पर लगाए गए उपकरणों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है, यह भी चर्चा का विषय है। फिलहाल पुलिस से मामले की जांच कर चोरी का खुलासा करने की अपेक्षा की जा रही है।

पति को आत्महत्या के लिए उकसाने की आरोपी पत्नी गिरफ्तार

बहराइच,संवाददाता।

रानीपुर पुलिस ने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में करीब तीन साल से फरार आरोपी ममता को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामला 29 अक्टूबर 2023 का है। पुलिस के मुताबिक, रानीपुर थाना क्षेत्र के निजामपुर निवासी धर्मराज पुत्र छोटेलाल की पत्नी ममता अपने पति और तीन बच्चों को छोड़कर चली गई थी। ममता मूल रूप से हरदुआ दुर्गापुर की रहने वाली है। आरोप है कि पत्नी के इस कदम और प्रताड़ना से आहत होकर धर्मराज ने खुद और अपने तीन बच्चों रितिक, छाया और मुस्कान को कीटनाशक दवा पिला दी थी। अस्पताल में इलाज के दौरान धर्मराज की मौत हो गई, जबकि तीनों बच्चों की जान बच



गई। धर्मराज के भाई की शिकायत पर रानीपुर थाने में ममता के खिलाफ मुकदमा नंबर 213/23 दर्ज किया गया था।

उस पर भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। घटना के बाद से ममता फरार थी। गिरफ्तारी नहीं होने पर कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर–जमानती वारंट जारी किया और संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए। पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी। बाद में 8 नवंबर 2025 को पुलिस ने उसकी फरारी के दौरान ही कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। थानाध्यक्ष हरेंद्र नाथ राय के नेतृत्व में पुलिस टीम उसकी तलाश कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने टेढ़ी पुलिया तिराहा, गड़रेयिनपुरवा मझौव्वा के पास से ममता को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

1000 वर्गमीटर जमीन से हटाया अवैध निर्माण प्राधिकरण के बुलडोजर ने किया ध्वस्त

नोएडा,संवाददाता। नोएडा में प्राधिकरण ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुलावली गांव में करीब 1000 वर्ग मीटर जमीन कब्जामुक्त कराई। खसरा नंबर–805 की इस जमीन पर कुछ अज्ञात लोगों ने अवैध रूप से टीन शेड और पक्का निर्माण कर लिया था। यह जमीन प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आती है। सीईओ के निर्देश पर प्राधिकरण की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। प्राधिकरण के वर्क सर्किल–10 की टीम मौके पर पहुंची और जमीन का निरीक्षण किया। जांच में करीब 1000 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण मिला। इसके बाद टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण हटाया और जमीन को कब्जामुक्त करा लिया। प्राधिकरण के मुताबिक, ग्राम झट्टा की ओर रेलवे कॉरिडोर के पास कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने प्राधिकरण की जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया था। यहां टीन शेड डालने के साथ पक्का निर्माण भी किया जा रहा था। सूचना मिलने के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अधिसूचित क्षेत्र की जमीन और उसकी अन्य संपत्तियों पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी जमीनों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

बंगलुरू की तर्ज पर नोएडा में बनेंगे मेट्रो स्टेशन, पीपीपी मॉडल पर होगा निर्माण

नोएडा,संवाददाता। नोएडा में अब मेट्रो स्टेशन सिर्फ यात्रियों के आने–जाने तक सीमित नहीं रहेंगे। यात्री यहां मेट्रो के इंतजार के साथ शॉपिंग भी कर सकेंगे। इसके लिए नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने तीन नए मेट्रो रूट के स्टेशनों के डिजाइन में बदलाव किया है। अब इन स्टेशनों को दो की जगह चार मंजिला बनाया जाएगा। इनमें दो मंजिलों पर कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स विकसित किया जाएगा। यह योजना ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी, बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर–142 और सेक्टर–51 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति तक बनने वाले मेट्रो रूट पर लागू होगी। इन रूट के स्टेशनों की लंबाई 140 मीटर और चौड़ाई 30 मीटर रहेगी। केवल ऊंचाई बढ़ाकर दो अतिरिक्त मंजिलें बनाई जाएंगी। इससे स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुविधाओं के साथ व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भी जगह मिलेगी। एनएमआरसी इन स्टेशनों का निर्माण



पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर कराएगा। एक स्टेशन के निर्माण पर करीब 45 से 50 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

यह रकम चयनित निजी कंपनी लगाएगी। इसके बदले कंपनी को स्टेशन के कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स को 30 साल के लिए लीज पर दिया जाएगा। कंपनी को इसे आगे सबलीज करने का अधिकार भी मिल सकेगा। इसके अलावा 30 साल के लिए को–ब्रांडिंग का विकल्प भी दिया जाएगा। एनएमआरसी ने इस योजना के लिए बंगलुरू के मेट्रो स्टेशन मॉडल से प्रेरणा ली है। वहां इंफोसिस ने मेट्रो प्रबंधन को 100 करोड़ रुपये देकर स्टेशन का निर्माण कराया था। इस स्टेशन को कंपनी के परिसर से स्काईवॉक के जरिए जोड़ा गया था। इसी तर्ज पर नोएडा में भी मेट्रो स्टेशनों के साथ व्यावसायिक सुविधाएं विकसित करने की तैयारी है। इससे यात्रियों को स्टेशन पर ही खरीदारी की सुविधा मिलेगी। वहीं, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के जरिए एनएमआरसी को अतिरिक्त कमाई भी होगी।

निजी कंपनियों के निवेश से स्टेशनों के निर्माण और व्यावसायिक उपयोग का रास्ता भी खुलेगा।

मारपीट के दौरान फरसे से हमला, पीड़ित ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया

बहराइच,संवाददाता। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के त्रिकोलिया ग्राम पंचायत के मजरा श्रीपालपुर में मारपीट के मामले में पीड़ित पक्ष ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच और उचित धाराओं में कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, गांव के वंदना और अल्खु ने मंगल और उनकी पत्नी के साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान फरसे का भी इस्तेमाल किया गया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की थी। पीड़ित का आरोप है कि हुजूरपुर थाने के एसएचओ ने शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं की। पीड़ित पक्ष का कहना है कि काफी प्रयासों के बाद मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन घटना के मुताबिक उचित धाराएं नहीं लगाई गईं। पीड़ित ने कहा कि फरसे के इस्तेमाल के आरोप की जांच होनी चाहिए और सभी तथ्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। पीड़ित पक्ष अब तक की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। उसे आशंका है कि उचित कार्रवाई नहीं होने पर आरोपियों को राहत मिल सकती है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सबूतों के आधार पर उचित धाराओं में कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित पक्ष के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का आधिकारिक पक्ष और जांच के बाद सामने आने वाले तथ्य अभी सामने नहीं आए हैं।

रोजगार मेला में 20 से ज्यादा कंपनियां 5,000 पदों पर करेंगी भर्ती

बस्ती,संवाददाता। जिले में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय 30 नवंबर को रोजगार मेला और कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव लगाएगा। इसमें 20 से ज्यादा कंपनियां करीब 5,000 पदों पर भर्ती करेंगी। देश की कंपनियों के साथ स्थानीय नियोजक भी युवाओं को नौकरी का मौका देंगे। रोजगार मेला सुबह 10 बजे से भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, हथियागढ़–बस्ती में लगेगा। इसमें कक्षा चार पास से लेकर हाईस्कूल इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, पॉलीटेक्निक और बीटेक पास अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। अभ्यर्थियों की उम्र 18 से 45 साल तय की गई है। अभ्यर्थी कंपनियों के प्रतिनिधियों को सीधे इंटरव्यू दे सकेंगे। चुने गए लोगों को योग्यता और पद के अनुसार सालाना 5.04 लाख रुपये या उससे ज्यादा का वेतन पैकेज मिल सकता है। मेले में शामिल होने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय ने युवाओं से मेले में पहुंचकर मौका लेने की अपील की है। अभ्यर्थियों को रिज्यूम (सीवी) और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना जरूरी है। मेले की जानकारी के लिए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बस्ती के मोबाइल नंबर 9454900501 पर संपर्क किया जा सकता है।

उ प्र संस्कृत संस्थान द्वारा राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का उद्घाटन

लोक हस्तक्षेप समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा प्रदेश में संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार, विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति अभिरुचि विकसित करने तथा संस्कृत की प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का विधिवत् उद्घाटन संस्थान में पधारे गणमान्य विद्वानों एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया।



कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 6 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को जनपद, मंडल एवं राज्य स्तर पर विभिन्न संस्कृत विषयक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया गया है। इस आयोजन में आमंत्रित अतिथि वक्ता एवं निर्णायक के रूप में डॉ. धनीन्द्र झा, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊय डॉ. प्राग्देश, गोरखपुरय डॉ. मनोज कुमार, प्रयागराजय डॉ. सरिता, लखनऊ एवं डॉ. दिव्या शुक्ला, फर्रुखाबाद की गरिमामयी उपस्थिति रही।

संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के अंतर्गत जनपद स्तर पर संस्कृत गीत प्रतियोगिता एवं संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (बाल वर्ग), मंडल स्तर पर संस्कृत गीत, संस्कृत सामान्य ज्ञान, श्लोकान्त्याक्षरी तथा युवा वर्ग हेतु संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में राज्य स्तर पर श्लोकान्त्याक्षरी, कण्ठस्थ पाठ, संस्कृत गीत, संस्कृत ज्ञान, संस्कृत सामान्य ज्ञान (बाल एवं युवा वर्ग) तथा संस्कृत भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की भाषायी, साहित्यिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ–साथ सान्त्वना पुरस्कार तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किए जाएंगे।

संस्थान का यह प्रयास प्रदेश के विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति अनुराग उत्पन्न करने, उनकी अंतर्निहित प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करने तथा नई पीढ़ी को संस्कृत की समृद्ध ज्ञान–परम्परा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

आईआईए की बैठक में उद्योगों की समस्याओं पर चर्चा

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के गोमतीनगर स्थित विभूतिखंड के आईआईए भवन में शनिवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के लखनऊ चौप्टर की मंथन बैठक हुई। इसमें उद्योगों से जुड़ी समस्याओं, उनके समाधान और सदस्यों के बीच व्यावसायिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता चौप्टर चेयरमैन वैभव अग्रवाल ने की, जबकि संयोजन नीरज जायसवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन बाल सचिन ने किया। बैठक में करीब 40 सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक से पहले नेटवर्किंग मीट आयोजित की गई। इसमें सदस्यों ने एक–दूसरे से परिचय किया और व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर आपसी संवाद किया। इस दौरान नए व्यावसायिक संबंध बनाने और सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में वैभव अग्रवाल ने आईआईए की कार्यप्रणाली और सदस्यों के हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सदस्यों की व्यक्तिगत समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संगठन प्रयास करता है। वहीं, उद्योगों से जुड़ी नीतिगत समस्याओं को आईआईए के केंद्रीय कार्यालय के माध्यम से संबंधित सरकारी विभागों और उच्च स्तर पर उठाया जाता है, ताकि उनका समाधान कराया जा सके। इसके बाद नीरज जायसवाल ने एमएसएमई कनेक्ट ऐप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सदस्यों से ऐप डाउनलोड करने और उसमें उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि ऐप के माध्यम से सदस्य अपनी व्यावसायिक क्वेरी अपलोड कर सकते हैं और प्रोफाइल अपडेट कर सकते हैं।

आरक्षण से लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी होगी और मजबूत : ब्रजेश पाठक

श्वेताभ दुबे

लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए महिला आरक्षण और डिलिमिटेशन बिल को लेकर प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्रीय कैबिनेट का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डिलिमिटेशन बिल को मंजूरी देकर केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। उप मुख्यमंत्री श्री पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता खोला था। अब केंद्रीय कैबिनेट ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि 2029 के चुनावों से पहले यह कानून लागू हो जाएगा। इससे महिलाओं को अब और इंतजार नहीं करना पड़ेगा।



उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं में 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने का फैसला महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण को व्यावहारिक और प्रभावी बनाएगा। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी और अधिक मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और देश के सभी राज्यों के हितों का भी ध्यान रखती है।

श्री पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी सीटें बढ़ेंगी। इससे प्रदेश की बहनों और बेटियों को राजनीति में अधिक अवसर मिलेंगे। उत्तर प्रदेश महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। श्री पाठक ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने मिलकर महिला आरक्षण बिल के रास्ते में रोड़ा अटकाया। दोनों दल महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण के विरोधी रहे हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव महिला आरक्षण के पक्ष में होने की बात करते हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी ने बिल के खिलाफ वोट दिया। सपा का सिद्धांत और व्यवहार दोनों अलग–अलग हैं। महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर सपा और कांग्रेस का दोहरा चरित्र सबके सामने है।

प्रदेश कांग्रेस ने महात्मा ज्योतिबा फूले की पुण्यतिथि मनाई

लोक हस्तक्षेप समाचार

लखनऊ। महान समाज सुधारक, विचारक एवं वंचितों को सामाजिक न्याय एवं बराबरी का अधिकार दिलाने के संघर्ष की मिसाल महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में पूरे श्रद्धा के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन संघर्ष और समाज सुधार के क्षेत्र में उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने आजीवन जातिगत भेदभाव, छुआछूत और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना कर शोषित, पिछड़े और दलित समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। ऐसे समय में जब महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, महात्मा फुले ने अपनी धर्म पत्नी सावित्री बाई फुले के साथ मिलकर देश में बालिकाओं के लिए पहला विद्यालय खोला और स्त्री शिक्षा की नींव रखी।



कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज जब देश में संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक न्याय की रक्षा की आवश्यकता है, तब महात्मा फुले के विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। कांग्रेस पार्टी सदैव उनके समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को जन–जन तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रभारी अभय दुबे, उप्र कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव, चेयरमैन मीडिया विभाग कुंवर सिंह निषाद, श्री द्विजेन्द्र त्रिपाठी, श्री संजय शर्मा, जितेंद्र पटेल, प्रवक्ता सरोज भारती,अजय चंद्र चौबे, रमेश कश्यप, ब्रजेन्द्र कुमार सिंह, विनोद मिश्रा, जी0के0 दुबे, आर0एस0 तिवारी, डा0 रिचा कौशिक, शमशाद आलम एड0, शैलेन्द्र दीक्षित आदि भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

1 से 10 दिसम्बर तक होगा यू.पी. कोऑपरेटिव एक्सपो–2026– राठौर

लखनऊ,संवाददाता। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर की अध्यक्षता में लखनऊ में यू.पी. कोऑपरेटिव एक्सपो–2026 के आयोजन की बाबत जानकारी मीडिया से साझा की। सहकारिता मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश सहकारिता विभाग द्वारा 1 से 10 दिसम्बर तक गोमती नगर स्थित बैडमिंटन अकादमी में यूपी कोऑपरेटिव एक्सपो–2026 का आयोजन किया जा रहा है। 10 दिवसीय एक्सपो प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक आम जनमानस के लिए खुला रहेगा। श्री राठौर ने एक्सपो के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका लक्ष्य प्रदेश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत कृषकों, उत्पादकों एवं शिल्पकारों को शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सीधे जोड़ते हुए सशक्त बाजार संपर्क स्थापित करना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा, कौशल एवं उत्पादों के प्रदर्शन हेतु राज्य स्तर पर एक प्रतिष्ठित मंच उपलब्ध कराना है। प्रदेश की सहकारी संस्थाओं को अपने उत्पादों, सेवाओं, उपलब्धियों एवं नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए एक साझा मंच प्राप्त होगा, जिससे संस्थाओं के बीच आपसी संवाद, समन्वय और व्यावसायिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। यह आयोजन ग्रामीण उद्यमिता, स्वरोजगार और आय संवर्धन के नए अवसर सृजित करने के साथ प्रदेश के हस्तशिल्प, हथकरघा, पारंपरिक उत्पादों, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक कलाओं को प्रोत्साहन देते हुए विशिष्ट पहचान दिलाने तथा कृषकों व सहकारी संस्थाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।सहकारिता मंत्री ने कहा कि श्यू.पी. कोऑपरेटिव एक्सपो–2026श में इफको और नैफेड सहित खाद्य प्रसंस्करण, खादी एवं ग्रामोद्योग, मत्स्य पालन, माटीकला, डेयरी तथा उर्वरक आदि क्षेत्रों से जुड़ी प्रदेश की विभिन्न सहकारी संस्थाएं और संगठन व्यापक रूप से सहभागिता करेंगे। इस मंच पर किसानों, दुग्ध उत्पादकों, मत्स्य पालकों, कारीगरों, महिला समूहों, लघु उद्यमियों एवं अन्य सहकारी हितधारकों को अपनी क्षमता और उत्कृष्ट उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन, झुकाया शीश

लखनऊ,संवाददाता। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन–अर्चन किया। उन्होंने मां की आरती उतारी और सुखी, स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश के लिए प्रार्थना किया। मुख्यमंत्री ने गोशाला में गुड़–हरा चारा खिलाकर गो माता की सेवा की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को देख बच्चे उनके पास पहुंचे, जिस पर मुख्यमंत्री ने उनसे स्नेहपूर्वक बातचीत की और चॉकलेट भी दी। सीएम योगी शुक्रवार को गोंडा में युवाओं को लैपटॉप प्रदान करने के उपरांत बलरामपुर पहुंचे। उन्होंने देवीपाटन मंदिर परिसर में कार्यक्रम में हिस्सा लिया और रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह दर्शन–पूजन के बाद मंदिर में आये श्रद्धालुओं का उन्होंने अभिवादन स्वीकार किया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया।

बाल विवाह के खिलाफ योगी सरकार की मुहिम को रफ्तार

लखनऊ,संवाददाता।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में बाल विवाह के खिलाफ व्यापक अभियान चल रहा है। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के संकल्प के साथ संचालित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश में अब तक 23.16 लाख से अधिक शपथ दिलाई जा चुकी हैं और 2.82 लाख से अधिक जागरूकता गतिविधियां आयोजित हुई हैं। सभी 75 जिलों में विभागीय समन्वय और जनभागीदारी से चल रहे प्रयासों का उद्देश्य बाल विवाह रोकने के साथ बच्चों की शिक्षा और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना है। बाल विवाह संबंधी संकेतक में उत्तर प्रदेश की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है।अपर मुख्य सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग के दिशा–निर्देशों पर महिला कल्याण विभाग के समन्वय से अभियान संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारियों के अनुश्रवण में शिक्षा, पंचायती राज, पुलिस, स्वास्थ्य सहित संबंधित विभाग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जनपद, तहसील, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नामित किए गए हैं। ग्राम पंचायतों की सहभागिता से निर्धारित मानदंडों के अनुसार गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जा रही है। निदेशक महिला कल्याण सी. इंदुमति ने बताया कि 21 अक्टूबर से 21 दिसंबर तक अभियान के तीनों विषयगत क्षेत्रों में गतिविधियां एक साथ संचालित की जा रही हैं।



इसमें शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता, परिवारों से संवाद, धार्मिक एवं सामुदायिक नेतृत्व की भागीदारी शामिल है। सामूहिक विवाह आयोजनों में निर्धारित मानदंडों के पालन, अभिलेखों के सत्यापन और नियमित निगरानी पर भी जोर दिया जा रहा है। हेल्पलाइन पर दूसरे राज्यों से संबंधित बाल विवाह की सूचनाएं भी प्राप्त हो रही हैं। ऐसे मामलों में महिला कल्याण विभाग संबंधित राज्यों और जनपदों के सम्बंधित अधिकारियों से समन्वय कर समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।27 नवंबर को बाल विवाह, अल्पायु विवाह एवं जबरन विवाह के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर प्रदेश के सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक संगठनों और किशोर–किशोरियों ने भागीदारी की। सामूहिक शपथ और संवाद के जरिए बाल विवाह रोकने तथा बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। वहीं नागरिकों से बाल विवाह की आशंका या जानकारी मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 अथवा आपातकालीन सेवा 112 पर सूचना देने की अपील की।केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 27 नवंबर 2024 को इस अभियान की शुरुआत की। इसके तहत निरंतर 100–100 दिवसीय अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है। पहले चरण में विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में शपथ, संवाद, निबंध एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताओं के जरिए विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। दूसरे चरण में धर्मगुरुओं, धार्मिक संस्थानों और विवाह सेवा प्रदाताओं को जोड़ा गया।

लखनऊ मैराथन की तैयारी पूरी रविवार की सुबह दौड़ेगा शहर

धावकों के बीच नजर आयेंगे अभिनेता नील नितिन मुकेश

लखनऊ,संवाददाता। रन फॉर सेफ डिजिटल भारत, दौड़ेगा लखनऊ की थीम के साथ कल रविवार 29 नवम्बर को सुबह शहर दौड़ने के लिये पूरी तरह तैयार है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट एंड रिसर्च एवं संस्कृति युवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में हो रही इस एसके मैराथन में फिल्म अभिनेता नील नितिन मुकेश धावकों का उत्साह भी बढ़ाते नजर आयेंगे। शहर के 1090 चौराहे से 21 किमी की हॉफ मैराथन की शुरूआत प्रातः 4:30 बजे से होगी। इसके बाद दस किलोमीटर व पांच किलोमीटर की दौड़ का आयोजन होगा। यह दौड़ 'रन फॉर सेफ डिजिटल भारत' के साथ महिला सशक्तीकरण और फिटनेस का संदेश देगी। इस मैराथन की आधिकारिक बीआईबी और टी–शर्ट का अनावरण के साथ ही आज बिब एक्सपो में सभी पंजीकृत धावकों ने शीरोज हैंगआउट से अपना बिब नंबर, इवेंट टी–शर्ट और मैराथन किट प्राप्त किये।



आयोजक मुकेश मिश्रा ने बताया कि अभिनेता नील नितिन मुकेश 1090 चौराहा पर प्रातः आठ बजे पहुंच कर न सिर्फ धावकों का मनोबल बढ़ायेंगें बल्कि विजेताओं को पुरस्कृत भी करेंगे। आयोजक मुकेश मिश्रा के मुताबिक लखनऊ मैराथन में 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन में प्रतिभागी धावकों का रिपोर्टिंग समय प्रातः चार बजे और फ्लैग ऑफ सुबह 4: 30 बजे किया जायेगा। जिसका रूट 1090 चौराहा , रिवरफ्रंट, अंबेडकर पार्क, सहारा शहर, नीरज पांडेय चौराहा, जी20 फ्लाईओवर से वापसी 1090 चौराहा होगा। इसी तरह 10 किलोमीटर रन का रिपोर्टिंग समय प्रातः साढ़े पांच बजे और फ्लैग ऑफ सुबह 6:00 बजे रखा गया है।

जिसका रूट 1090 चौराहा, अंबेडकर पार्क, सहारा शहर, नीरज पांडेय चौराहा, गेट नंबर 5, जनेश्वर मिश्र पार्क की ओर से वापसी 1090 चौराहा रखा गया है।

अखिलेश यादव ने यूपी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा रद्द होने का किया जिक्र, मतदाता बीजेपी के खिलाफ वोट देकर अपना गुस्सा निकालेंगे

लखनऊ,संवाददाता।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को उन युवाओं और उनके परिवारों के गुस्से का सामना करना पड़ेगा, जो परीक्षा रद्द होने, पेपर लीक और भर्ती से जुड़ी गड़बड़ियों से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि इन घटनाओं ने पार्टी के पीडीए आंदोलन को और मजबूत किया है। यादव ने एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट में यूपी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा रद्द होने का जिक्र किया जिससे 2,65,270 उम्मीदवार प्रभावित हुए। उन्होंने हिसाब लगाया कि अगर उनके माता–पिता को भी इसमें शामिल कर लिया जाए, तो प्रभावित लोगों की कुल संख्या 7,95,810 हो जाएगी। उन्होंने कहा, अगर हम यूपी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा रद्द होने से प्रभावित 2,65,270 उम्मीदवारों के माता–पिता को भी जोड़ लें, तो कुल प्रभावित लोगों की संख्या 2,65,270 • 3 = 7,95,810 हो जाती है। उन्होंने पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं से जुड़ी लगभग 20 अन्य घटनाओं का जिक्र किया जिनमें लाखों उम्मीदवार प्रभावित हुए थे। उन्होंने प्रभावित लोगों की अनुमानित संख्या को 20 से गुणा किया, जिससे यह आंकड़ा लगभग 1.59 करोड़ तक पहुंच गया। राज्य के 403 विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से बांटने पर उन्होंने अनुमान लगाया कि हर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 39,494 लोग प्रभावित हुए हैं। यादव ने लिखा, इसी तरह, पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं से जुड़ी लगभग 20 अन्य घटनाएं भी हुई हैं, जिनमें लाखों उम्मीदवार प्रभावित हुए हैं। अगर हम एक साधारण हिसाब लगाएं और इसे 20 से गुणा करें, तो प्रभावित लोगों की कुल संख्या 7,95,810 • 20 = 1,59,16,200 हो जाती है। अब, अगर हम इसे 403 विधानसभा क्षेत्रों से विभाजित करें, तो हमें प्रति विधानसभा क्षेत्र लगभग 15916200÷403 = 39494 नए प्रभावित लोग मिलते हैं। उन्होंने आगे अनुमान लगाया कि बेरोजगार उम्मीदवारों में से लगभग एक–तिहाई ने सभी परीक्षाओं में भाग लिया था, और उन्होंने गणना से उन उम्मीदवारों (जो कई परीक्षाओं में शामिल हुए थे) और उनके माता–पिता को घटा दिया। इसके आधार पर, उन्होंने अनुमान लगाया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लगभग 26,330 लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा, अगर हम यह भी मान लें कि बेरोजगार उम्मीदवारों में से लगभग एक–तिहाई ने सभी परीक्षाएं दी थीं, तो उन्हें और उनके माता–पिता को घटाने पर हमें 39494÷3 = 13164 मिलता है। अब, अगर हम इसे कुल संख्या से घटा दें, तो हमें 39494–13164 = 26,330 मिलता है। इसे सबसे कम अनुमान बताते हुए यादव ने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 25,000 युवा और आम मतदाता, परीक्षाओं के रद्द होने और भर्ती से जुड़े मुद्दों को लेकर भाजपा से निराश हैं।



उन्होंने आगे कहा, श्अगर हम सबसे कम अनुमान भी लें, तो हर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 25,000 प्रभावित युवा और आम मतदाता, परीक्षाओं के रद्द होने और भर्ती प्रक्रियाओं में हुए घोटालों के कारण भाजपा से बेहद निराश और मोहभंग हो चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रभावित उम्मीदवार और उनके परिवार यह समझते हैं कि जब तक भाजपा सत्ता से बाहर नहीं हो जाती, तब तक बेरोजगारी की समस्या हल नहीं होगी। वे आगामी चुनावों में भाजपा के खिलाफ वोट देकर अपना गुस्सा जाहिर करेंगे। उन्होंने कहा, ये सभी नाराज और प्रभावित मतदाता अब समझ गए हैं कि जब तक भाजपा सत्ता से नहीं हटती, तब तक बेरोजगारी की समस्या दूर नहीं होगी। इसलिए वे भाजपा के खिलाफ वोट देकर अपना गुस्सा निकालेंगे, उसे हराएंगे और हमेशा के लिए सत्ता से बाहर कर देंगे। इस मुद्दे को समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) आंदोलन से जोड़ते हुए यादव ने कहा कि और अधिक प्रभावित लोगों के जुड़ने से यह अभियान और मजबूत हो गया है। उन्होंने लिखा, जो लोग पीड़ित हैं, वे ही पीडीए हैं।

महिला आरक्षण में एससी-एसटी महिलाओं को मिले अलग कोटा : मायावती

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33ः आरक्षण देने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। हालांकि, उन्होंने मांग की है कि इस आरक्षण में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की महिलाओं के लिए अलग से कोटा तय किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से सदियों से शोषित और उपेक्षित महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ने का उचित अवसर मिलेगा। मायावती ने कहा कि बसपा शुरू से ही महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ाने की पक्षधर रही है। पार्टी लगातार लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33ः आरक्षण देने की मांग करती रही है। इसलिए केंद्र सरकार के ताजा फैसले का स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि यह फैसला और बेहतर होता, अगर इसमें एससी–एसटी समाज की महिलाओं के लिए अलग आरक्षण की व्यवस्था भी की जाती।

इससे उन्हें संकीर्ण जातिवादी सोच, धनबल और बाहुबल से प्रभावित चुनावी राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का मौका मिलता। मायावती ने केंद्र सरकार से इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की अपील की। मायावती ने लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं में मौजूदा सीटों की संख्या में 50ः वृद्धि से जुड़े तीन विधेयकों और परिसीमन की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सीटों की सीमा तय करने में गड़बड़ी कर राजनीतिक और चुनावी स्वार्थ साधने के आरोप नए नहीं हैं।


कंटेनर की टक्कर से महिला की मौत

लखनऊ,संवाददाता। बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह कंटेनर की टक्कर से पूनम (35) की मौत हो गई। वह पति रमेश रावत और 7 साल की बेटी संध्या के साथ सड़क पार कर रही थीं। हादसे में संध्या गंभीर रूप से घायल हुई, जबकि रमेश को मामूली चोटें आईं। पुलिस के मुताबिक, पूनम उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशा खेड़ा की रहने वाली थीं।

संपादकीय...

सेहत का रेड अलर्ट

भारत तेजी से मधुमेह, मोटापे और उच्च रक्तचाप के मरीजों की राजधानी बन रहा है। घर के स्वास्थ्यवर्धक खाने को तिलांजलि देकर चटपटा खाने का जुनून युवा पीढ़ी ही नहीं, पुरानी पीढ़ियों में भी नजर आ रहा है। दरअसल, चीनी व यूरोपीय शैली के खाद्य पदार्थों में तीखे नमक, चीनी तथा अधिक वसा के इस्तेमाल से चटपटे व्यंजन बनाने का जुनून आज भारतीयों के सिर चढ़कर बोल रहा है। खासकर बच्चे व नयी पीढ़ी के युवा इसके दीवाने हैं। लोक कल्याण का दम भरने वाली सरकारों की जन-स्वास्थ्य के प्रति अनदेखी के चलते जीवन शैली के तमाम रोग पनप रहे हैं। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट को पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर स्पष्ट चेतावनी लेबल लगाने के निर्देश देने पड़े हैं। निस्संदेह, देश मे बढ़ते जन-स्वास्थ्य संकट के बीच कोर्ट की यह सार्थक पहल है। अदालत ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसएआई को निर्देश दिया है कि जिन भी उत्पादों में चीनी, नमक और सैचुरेटेड फैट की मात्रा अधिक हो, उन पर अलग से लाल रंग की चेतावनी लगायी जाए। ऐसा करके कोर्ट ने कंपनियों की सुविधा के बजाय उपभोक्ताओं के 'जानने के अधिकार' को प्राथमिकता दी है। लेकिन एक बात तो साफ है कि नियामक संस्था खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण अपने दायित्वों के निर्वहन में नाकाम रही है। यही वजह है कि देश की शीर्ष अदालत को इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा है। जन स्वास्थ्य के लिये नुकसानदायक मात्रा में चीनी, नमक व वसा का मुद्दा सार्वजनिक विमर्श में होने के बावजूद एफएसएसएआई कई अलग-अलग प्रस्तावों के बीच उलझा रहा। इसमें स्टार 'रेटिंग सिस्टम' भी शामिल रहा है। जिसको लेकर विषय विशेषज्ञों की राय थी कि 'स्टार रेटिंग सिस्टम' से उपभोक्ताओं को स्वास्थ्य जोखिम के प्रति सचेत करने के बजाय, उनमें चयन को लेकर भ्रम बढ़ सकता है। सही मायने में ऐसे किसी निर्देश में स्पष्टता होनी बेहद जरूरी है। विडंबना है कि देश में अत्यधिक प्रोसेस्ड यानी अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों की खपत में भारी वृद्धि हुई है। इस तथ्य के बावजूद कि देश आज तमाम गैर-संचारी रोगों की गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। फलतरू भारत में मधुमेह, हाइपरटेंशन और मोटापे से करोड़ों लोग प्रभावित हुए हैं। ये रोग जीवनशैली की विसंगतियों से पैदा हुए हैं। विडंबना है कि सीधे खाने के लिये तैयार खाद्य पदार्थों, मीठे पेय पदार्थों और डिब्बाबंद स्नैक्स के लिये बेहद आक्रामक मार्केटिंग के जरिये बच्चों व युवाओं को लुभाया गया। फलतरू जन-स्वास्थ्य के लिये एक बड़ा खतरा पैदा हो गया है। सुप्रीम कोर्ट का पैकेज्ड खाद्य पदार्थों में लाल चेतावनी चिन्ह लगाने का निर्देश समय की सख्त जरूरत है। इससे कंपनियां छोटे अक्षरों की आड़ में पोषण संबंधी जोखिमों को छिपा नहीं सकतीं। लाल चेतावनी पर उपभोक्ताओं का सीधा ध्यान जाएगा। रोजमर्रा के खान-पान की चीजों को चुनते समय, लोगों को जटिल पोषण तालिकाओं को समझने के लिये किसी विशेष ज्ञान या अतिरिक्त समय की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। वहीं जन-स्वास्थ्य की कीमत पर उद्योग जगत को मुनाफे की अनुमति नहीं दी जा सकती है। एफएसएसएआई को चीनी, नमक और सैचुरेटेड फैट के लिये वैज्ञानिक आधार पर तार्किक सीमाएं तय करनी चाहिए। उसे उद्योग जगत की तरफ से आने वाले किसी भी दबाव का सामना करना चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। इसके अलावा निर्माताओं को छूट का फायदा उठाने, चेतावनियों को कमजोर करने या हानिकारक तत्वों की जगह वैकल्पिक संदिग्ध पदार्थों के इस्तेमाल की किसी भी सूरत में अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ख



प्रदूषण का खरदूषण और लाभ-हानि का गणित

ऐमन नियाज

हमारे देश में किसानों की दो ही बातों के लिए तो चर्चा होती थी। पहले इसलिए होती थी कि वे कर्जवान होते हैं और आत्महत्याएं करते हैं। लेकिन अब प्रदूषण फैलाने का श्रेय भी उन्हें मिलने लगा है।

जैसे गुजरे जमाने की एक फिल्म 'श्री 420' में सेठ सोनाचंद धर्मानंद ताश के पत्तों के निष्णात राजू अर्थात्ह राज कपूर से कहता है कि आपसे मुलाकात हो गई, इसमें फायदा ही फायदा है। कुछ-कुछ उसी अंदाज में हम कह सकते हैं कि प्रदूषण लौट आया तो इसके फायदे ही फायदे हैं।

जैसे इंटरनेट और यूट्यूब के आने का फायदा यह हुआ है कि उनसे प्राप्त ज्ञान से हम हर तरह का खाना बनाने से लेकर हर तरह की बीमारी का इलाज खुद्द कर सकते हैं, वैसे ही टेलीविजन चौनलों से खब्बरों की विदाई का फायदा यह हुआ है कि हम नकारात्मक और खब्राब समझी जाने वाली हर चीज के फायदे वहां से जान सकते हैं। जैसे इन दिनों हमें प्रदूषण के फायदे का पता चल रहा है। वरना कुछ समय पहले तो हम इसे बहुत ही खब्राब चीज माने बैठे थे कि फेफड़ों में बिना धूम्रपान किए ही बीस सिगरेटों जितना धुआं हम ले रहे हैं, टाइप से। ऐसे में अब सरकार को भी वाहनों के संचालन पर से प्रदूषण का अंकुश हटा देना चाहिए। बल्कि सबसे ज़्यादा प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के लिए कुछ इनाम-इकराम की घोषणा भी कर देनी चाहिए, ताकि लोगों को प्रदूषण फैलाने के लिए प्रोत्साहन मिले।

ऐसे में बेचारे किसानों का बड़ा नुकब्सान हो गया जी। हमारे देश में किसानों की दो ही बातों के लिए तो चर्चा होती थी। पहले इसलिए होती थी कि वे कर्जवान होते हैं और आत्महत्याएं करते हैं। कर्जवान तो सेठ भी होते हैं, पर वे आत्महत्याएं नहीं करते। किसान करते हैं और इसीलिए उन्हें चर्चा के योग्य माना गया। दूसरी बात, उन्हें इसलिए चर्चा के योग्य माना गया कि वे पराली जलाते हैं और इसलिए प्रदूषण फैलाने का श्रेय उन्हें मिलने लगा। वैसे प्रदूषण तो ऑटो वाले भी फैलाते हैं, लेकिन प्रदूषण फैलाने का श्रेय सिर्फ पराली जलाने वाले किसानों को मिला। इससे पता चलता है कि हम किसानों के प्रति कितने संवेदनशील हैं। लेकिन अब फिर उनके साथ अन्याय हो रहा है। अब न तो उनकी आत्महत्याओं की चर्चा होती है और न ही उन्हें प्रदूषण के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। बल्कि प्रदूषण के तो फायदे बताए जा रहे हैं। प्रदूषण के फायदे बताना इसलिए भी जरूरी है कि वह दिवाली से जुड़ गया है और इसलिए सनातन से जुड़ गया है। इधर प्रदूषण दिवाली पर बिल्कुल दिवाली की सेल की तरह आने लगा हैकृत्योहार के साथ प्रदूषण मुफ्त, टाइप से। अब तो अदालतों ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। फैलाओ, जितना प्रदूषण फैलाना है। ऊपर से सनातनवालों की हनक देखिए कि हमारा त्योहार है, अपने त्योहार पर हम क्या अपनी सांस भी नहीं घोंट सकते!

नई दृष्टि दे सकते हैं राजनीतिक-ऐतिहासिक प्रसंग

डा0 एमपी वर्मा

हर बात राजनीति का औजार नहीं होती, हर आत्मीयता अश्लील नहीं होती और पति–पत्नी का आपसी लगाव कोई अपराध नहीं होता। आवश्यकता राजनीति के चक्रव्यूह से उबरकर चीजों को देखने और समझने की है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की बहुचर्चित आत्मकथा 'बिलोंगिंग रू अ जर्नी ऑफ लव' को मैं भी अभी तक पूरा नहीं पढ़ पाया हूं। ऐसा नहीं है कि मैं हमारे समय के एक बड़े और महत्वपूर्ण कालखंड को समेटने वाली इस पुस्तक को पढ़ना नहीं चाहता। दरअसल, जिस तेजी से देश–विदेश में लगभग साढ़े पांच सौ पृष्ठों की यह किताब पढ़ी गई और जिस तरह इसे लेकर विवादों और वाद–विवाद का दौर चला, उससे ऐसा लगता है कि शायद ही इसकी कोई महत्वपूर्ण बात बची हो, जो जनता की जानकारी में न आई हो। टुकड़ों–टुकड़ों में इसके विभिन्न अंशों को समझने–समझाने की जितनी कोशिशें हुईं, उसके बाद यही आभास होता है।

परंतु वास्तविकता ऐसी नहीं है। निश्चित रूप से सोनिया गांधी की यह संस्मरणात्मक आत्मकथा एक महत्वपूर्ण पुस्तक है। यह मात्र सोनिया गांधी की कहानी नहीं है, बल्कि उस परिवार की गाथा भी है, जिसने हमारी आजादी की लड़ाई में एक ऐतिहासिक भूमिका निभाई और स्वतंत्रता के बाद देश के निर्माण में भी जिसकी निर्णायक भूमिका रही। इसमें निश्चित रूप से बहुत कुछ ऐसा होगा, जो हमारे लिए अनजाना है और जिसे हमें जानना चाहिए। इस सबके लिए इस पुस्तक को पढ़ना आवश्यक है और मैं भी इसे जरूर पढ़ूंगा।

लेकिन, इस पुस्तक को पढ़ने वाले बहुत से पाठक जिस तरह के मुद्दों को चर्चा का विषय बना रहे हैं, वह थोड़ा चौंकाने वाला है। ऐसा ही एक मुद्दा सोनिया गांधी के अपने पति राजीव गांधी की गोद में बैठकर खाना खाने का है। सोनिया ने अपनी किताब में इसके बारे में कुछ भी नहीं लिखा हैय यह प्रसंग तो पुस्तक के लोकार्पण के अवसर पर राहुल गांधी ने बड़ी ही मासूमियत के साथ साझा किया था। इसे उसी मासूमियत के साथ समझने की कोशिश होनी चाहिए थी, पर जो कुछ होते हुए दिख रहा है, वह किसी भी प्रकार से आश्वस्त करने वाला नहीं है। ऐसा लग रहा है मानो साढ़े पांच सौ पृष्ठों की किताब से मिलने वाली जानकारी से कहीं अधिक महत्वपूर्ण राहुल गांधी द्वारा दी गई यह एक जानकारी बन गई है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के आलोचकों के हाथ जैसे कोई खब्जाना लग गया हो। सोनिया गांधी ने इसे 'अ जर्नी ऑफ लव' (प्यार की यात्रा) नाम दिया है, लेकिन लोग उनकी इस पूरी यात्रा को राहुल गांधी के एक वाक्य के चश्मे से देखने में लगे हैं। मैंने इस पुस्तक के बारे में जितना भी पढ़ा और जाना है, उससे इतना तो स्पष्ट हो ही जाता है कि इसमें बहुत कुछ ऐसा है, जिस पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। यह केवल एक महिला के संस्मरणों का गुलदस्ता नहीं है, बल्कि देश के एक ऐसे परिवार की कथा है, जिसने समाज और राष्ट्र को बहुत कुछ दिया है। चर्चा इस बात पर होनी चाहिए कि इस योगदान ने देश को कैसे और कितना प्रभावित किया। पुस्तक के राजनीतिक और ऐतिहासिक प्रसंग



हमारे समय के इतिहास को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन सकते हैं। आपातकाल, ऑपरेशन ब्लू स्टार और 1984 के सिख दंगों जैसे संवेदनशील विषयों पर गांधी परिवार के पक्ष को समझने में सोनिया गांधी की जानकारियां और टिप्पणियां सहायक हो सकती हैं। यदि यह गांधी परिवार के बचाव की कोशिश भी हैकृजैसा कि कांग्रेस के विरोधी कह रहे हैंकृतब भी इस पक्ष को समझना जरूरी है। सोनिया गांधी ने स्वयं कहा है कि अपने परिवार के बारे में फैली कई अवास्तविक और मिथ्या बातों का खंडन करने के लिए उन्होंने यह संस्मरण लिखा है। चर्चा इस बात पर होनी चाहिए कि सात समंदर पार करके अपने प्रियतम के देश आने के लिए इटली की एक युवती ने अपने आप से और अपने आसपास के माहौल से कितना और कैसा संघर्ष किया। एक बिल्कुल अलग समाज और वातावरण में पली–बढ़ी युवती कैसे एक भारतीय बहू बन गई, यह समझना उससे जुड़े कई सवालों का जवाब बन सकता है। इस बात को भी नहीं भुलाया जाना चाहिए कि एक नए देश को अपना बनाना, अपने स्वभाव के विपरीत जाकर सार्वजनिक जीवन को अपनाना तथा एक परिवार, समाज और राजनीतिक पार्टी को संभालना किसी भी व्यक्ति के लिए सहज नहीं हो सकता। पुस्तक के कई पाठकों का मानना है कि सोनिया गांधी की रीति–नीति से असहमति के बावजूद, इसमें दी गई जानकारी समय और समाज को समझने में बेहद मददगार है। इस बात की भी चर्चा होनी चाहिए कि प्रधानमंत्री पद को ठुकराकर और कांग्रेस पार्टी को बचाने की कवायद में सोनिया गांधी ने क्या उदाहरण प्रस्तुत किया।

पर दुर्भाग्य से, इन गंभीर विषयों पर विमर्श होने के बजाय हल्के–फुल्के प्रसंगों पर जिस प्रकार चटखारे लिए जा रहे हैं, वह इस बात का एहसास कराता है कि कहीं न कहीं कुछ चूक हो रही है। इटली के एक छोटे–से शहर में जन्मी–पली एक युवती भारत आकर किस तरह भारतीय बनती है, यह सवाल भीतर तक झकझोरने वाला है। दशकों तक यह सारी कहानी एक रहस्यमय पर्दे में छिपी रही और अब इस किताब के माध्यम से वह पर्दा उठा है। इससे जो दृश्य सामने आता है, वह एक सीमा तक विचलित भी कर सकता है, पर कुल मिलाकर कई सवालों का समाधान भी प्रस्तुत करता है। यह पुस्तक आज के भारत की राजनीति को समझने–समझाने का एक अवसर भी देती है, लेकिन इस पर उस गंभीरता से विचार नहीं हो रहा है, जैसा होना चाहिए था।

इस किताब से एक और बेहद मार्मिक घटना की जानकारी मिलती है, जो इलाहाबाद (प्रयागराज) से जुड़ी है। सोनिया गांधी ने बताया है कि यह 1970 की बात है, जब इंदिरा गांधी अपनी बहू को अपना पैतृक घर 'आनंद भवन' दिखाने के लिए इलाहाबाद ले गई थीं। वहीं इंदिरा जी ने सोनिया को बताया कि परिवार के दिवंगत सदस्यों की अस्थियां प्रवाहित करनी हैं। उन्होंने राजीव और संजय को अपने पिता, माता और दादा की अस्थियां संगम में विसर्जित करने के लिए कहा और इस बात का विशेष ध्यान रखा कि इस पूरे कार्य में सोनिया भी सम्मिलित रहें। इस सहज और अपनेपन से भरे पल के बारे में सोनिया ने अपनी किताब में लिखा है, 'मैं इस किस्मत पर हैरान भी थी, जो मुझे एक दूर देश से, पृथक लोगों और पृथक परिस्थितियों से इस पवित्र और अत्यंत करीबी रस्म में हिस्सा लेने के लिए वहां ले आई थी।' यह छोटी–सी घटना अपने आप मेंबहुत कुछ कहती है। सोनिया को इस प्रक्रिया का हिस्सा बनाकर जहां इंदिरा गांधी ने अपनी विदेशी पुत्रवधू को भारतीय समाज की अनवरत परंपरा से जोड़ दिया, वहीं सोनिया के भीतर भी यह भाव जगाया कि वह अब पूरी तरह भारतीय बनती जा रही हैं। ऐसी ही संवेदनशील बातों पर चर्चा होनी चाहिए, पर हो नहीं रही है। यहां गुलजार की यह पंक्ति बिल्कुल सटीक बैठती हैकृ'प्यार को प्यार ही रहने दो, कोई नाम न दो।'

नशे के जहर से देश को मुक्त करने का वक्त

भारत में नशे के फैलते जाल को समयबद्ध और प्रतिबद्ध ढंग से समाप्त करने की तैयारी हो गई है। इसके वर्तमान स्वरूप को समझकर इसकी सप्लाई लाइन को ढूंढकर, नशे के व्यापारियों और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों पर शिकंजे कसकर और गुप्तचर नेटवर्क को बढ़ाकर सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है। अब इसमें समय–सीमा तय कर दी गई है।

हाल ही में गृहमंत्री ने अपने बयान में कहा कि ड्रग के कारोबार और इस्तेमाल को दिसंबर, 2031 तक पूरी तरह से नियंत्रित कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार के साथ विभिन्न राज्यों की एजेंसियों ने भी कड़े कदम उठाए हैं। अब इस पर संगठित तथा प्रभावी तरीके से और जोर दिया जा रहा है, ताकि ड्रग सिंडिकेटों और नशे का सामान बेचने वाले नेटवर्क को पूरी तरह से नष्ट किया जा सके। नशीले पदार्थों और ड्रग माफिया तथा उनके सप्लायरों के विरुद्ध इसी नवंबर महीने के शुरू में एजेंसियों ने कार्रवाई करते हुए एक बहुत बड़े अंतर्राष्ट्रीय माफिया सलीम इस्माइल डोला को भारत लाने तथा गिरफ्तार करने में सफलता पाई। उसने 438 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ मेफेड्रोन की स्मगलिंग की थी।

वहीं, एजेंसियों ने देश की राजधानी दिल्ली में नशीली दवा बनाने की एक फैक्टरी पकड़ी और वहां से 148 किलो अल्प्राजोलम बरामद किया। साथ ही 1,046 किलो कच्चा माल भी बरामद किया। इस कार्रवाई में एजेंसियों तथा असम राइफल्स ने भी इस दौरान बड़ा काम किया। कछार सीमा पर उन्होंने एक ट्रक पकड़ा, जिसमें 20 किलो मेथा बरामद किया गया। यह एक शक्तिशाली नशीला पदार्थ है, जिसकी अमेरिका और यूरोप में बड़ी मांग है। भारत में आकर नशीले पदार्थों का धंधा करने वाले विदेशी नागरिकों को भी बख्शा नहीं जा रहा है। 17 नवंबर को एजेंसियों ने दीव में तीन विदेशियों को पकड़ा और लगभग 11 करोड़ रुपये का कोकीन तथा मेफेड्रोन जब्त किया। इसी साल अक्तूबर में एनसीबी की टीमों ने असम, मिजोरम और मणिपुर के 38 स्थानों पर एक साथ कार्रवाई की। इस ऑपरेशन का नाम ट्राइडेंट यानी त्रिशूल रखा गया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट में एनसीबी को बहुत बड़ी सफलता मिली और उसने हवाला कारोबार के जरिये भेजे जा रहे



100 करोड़ रुपये का पता लगाया तथा 1,424 बैंक खातों को बंद कर दिया और करीब 18 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी।

इन अपराधियों के संबंध म्यांमार, भारत और बांग्लादेश में थे और ये बड़े पैमाने पर ड्रग तस्करी करने की तैयारी में थे। विदेशों में बैठे तस्करों के खिलाफ मुहिम ऑपरेशन ट्राइडेंट के तहत चलाई जा रही है, जिसमें सफलता मिल रही है। इंटरपोल से संपर्क बनाए रखने के लिए भारतपोल नाम का संगठन तैयार किया गया है, ताकि तस्करों के खिलाफ द्रुत गति से कार्रवाई की जा सके। इससे विदेशों में बैठे अपराधियों के बारे में काफी सूचनाएं मिल रही हैं। नशामुक्त भारत अभियान के तहत भारतीय एजेंसियों ने तुर्की से अंतर्राष्ट्रीय कारोबारी नवप्रीत सिंह को भारत लाने में सफलता पाई। यह नशा तस्कर अफगानिस्तान से भारत में मेथा और हेरोइन जैसे ड्रग की तस्करी करवाता था। इसी तरह मुंद्रा पोर्ट पर 182 करोड़ रुपये के ड्रग बरामद करके ड्रग नेटवर्क को भारी चोट पहुंचाई गई थी। दरअसल, ड्रग के पैसे से ही आतंकियों को हथियार खरीदने के लिए पैसे मिलते हैं। गृह मंत्रालय इस तरह के गठजोड़ पर पूरी तरह नजर रखे हुए है। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई इस तरह के नापाक काम को अंजाम देने के लिए काम करती रहती है। उसका गठजोड़ उन तस्करों से है, जो ड्रग बेचकर भारत में टेरर फंडिंग करते हैं।

इस समय पंजाब से नशे से संबंधित कई दुखद घटनाओं और अपराधों की खबरें आ रही हैं। नशे के कारोबार का विरोध करने पर वहां लोगों को गोली मारी जा रही है। पिछले दिनों इसी बात पर तीन लोगों की हत्याएं कर दी गईं। गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि केंद्र सरकार नशामुक्त पंजाब और नशामुक्त भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। पंजाब को नशामुक्त करने के लिए गृह मंत्रालय ने छह जिलों कृ अमृतसर, गुरदासपुर, तरनतारन, लुधियाना, फिरोजपुर और फाजिल्काकृको अतिसंवेदनशील ड्रग जोन में डाल दिया है। इनमें से पांच जिले पाकिस्तान की सीमा से लगते हैं, जहां से ड्रग आता है। पाकिस्तानी तस्कर इन दिनों इंसानों की बजाय ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। बीएसएफ सहित केंद्र सरकार इन्हें पकड़ने के लिए काफी सक्रिय है। एंटी–ड्रोन टेक्नोलॉजी का यहां इस्तेमाल किया जा रहा है। अगले साल तक वहां आधुनिक निगरानी व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी। इन दिनों तस्कर संचार के आधुनिक साधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। वे डार्कनेट से लेकर कूट भाषा तक का इस्तेमाल कर रहे हैं और इनसे निपटने के लिए केंद्रीय एजेंसियां दिन–रात काम कर रही हैं।

इसके अलावा, पंजाब में सरकार ने नशामुक्ति केंद्रों की संख्या 334 से बढ़ाकर 1,751 करने का लक्ष्य रखा है, ताकि वे नौजवान, जो नशे के आदी होकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं, इससे दूर हो जाएं।

संकट दूर करने को जवाबदेही व जिम्मेदारी

राजीव तिवारी

असली सवाल यह नहीं है कि हवा किसने बिगाड़ी, बल्कि यह है कि अगली सर्दी आने से पहले इसे साफ करने के लिए कौन क्या करेगा। साफ हवा सबका हक है और इसे बचाना सबकी साझा जिम्मेदारी।

आंखों में जलन और गले में खराश अब उत्तर भारत की सालाना नियति बन गई हैं। सुबह खिड़की खोलते ही गुनगुनी धूप के बजाय जब स्मॉग की धुंधली चादर स्वागत करे और खुली हवा में सांस लेना भारी पड़ने लगे, तो समझ लीजिए कि वही जाना–पहचाना संकट फिर लौट आया है। यह महज मौसम का बदलना नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के सामने खड़ा एक गंभीर आपातकाल है। हर साल की तरह सवाल फिर वही है कि आखिर हमारी हवा इतनी जहरीली क्यों हो रही है और इसकी जवाबदेही किसकी है? प्रदूषण की चर्चा शुरू होते ही सबसे पहले उंगली पराली जलाने पर उठती है। इसमें दो राय नहीं कि पंजाब और हरियाणा में धान की कटाई के बाद खेतों में लगाई जाने वाली आग से उठता धुआं और सूक्ष्म कण हवा को तेजी से बिगाड़ते हैं। लेकिन इस पूरे संकट का ठीकरा केवल किसानों के सिर फोड़ना न तो न्यायसंगत है और न ही व्यावहारिक। अगली फसल की बुआई के लिए समय की कमी, मशीनों का भारी खर्च और विकल्पों का अभाव किसान की अपनी मजबूरियां हैं। उसे भरोसेमंद और सस्ता विकल्प दिए बिना केवल जुर्माने या सख्ती से बात नहीं बनेगी। सरकारों को मशीनों की उपलब्धता, किराये में सीधी मदद और पराली के औद्योगिक इस्तेमाल का ठोस तंत्र खड़ा करना होगा। दूसरी तरफ, प्रदूषण को केवल खेतों तक सीमित करके देखना समस्या के बड़े हिस्से से आंख मूंदना है। शहरों की सड़कों पर रेंगते वाहनों का धुआं, उद्योगों का उत्सर्जन, निर्माण स्थलों से उड़ती धूल और खुले में जलता कचरा साल भर हवा में जहर घोलते हैं। टूटी सड़कों की गर्द, सिमटती हरियाली और अनियंत्रित शहरीकरण ने भी इस समस्या को और जटिल बना दिया है। नियमों की अनदेखी और लचर निगरानी ने शहरों को गैस चौंबर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। विडंबना यह है कि जब सांस लेना दूभर हो रहा है, तब राजनीतिक दल आरोप–प्रत्यारोप के पुराने खेल में उलझे हैं। कोई पराली को कोसता है, कोई पड़ोसी राज्य की सरकार पर निशाना साधता है तो कोई केंद्र की नीतियों को कठघरे में खड़ा करता है।



लोकतंत्र में सवाल पूछना जरूरी है, पर हवा किसी राज्य की सीमा या सियासी दल का झंडा देखकर नहीं बहती। आम आदमी को इस बहस से कोई सरोकार नहीं कि किसने किस पर क्या आरोप लगाया। उसे तो बस साफ हवा चाहिए। इसके लिए पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और केंद्र को एक मेज पर बैठकर साझा कार्ययोजना बनानी ही होगी।

सर्दियों में वा की रफ्तार थमने और तापमान गिरने से प्रदूषक जमीन के करीब ही ठहर जाते हैं, जिससे स्मॉग की परत और घनी हो जाती है। लेकिन मौसम केवल हालात को बिगाड़ता है, प्रदूषण पैदा नहीं करता। इसलिए कुदरत को दोष देकर जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता। जरूरत सर्दियों के तात्कालिक उपायों की नहीं, बल्कि साल भर चलने वाले नियंत्रण की है।

यह संकट लाइलाज नहीं है। चीन की राजधानी बीजिंग इसका बड़ा उदाहरण है, जो कभी भयावह वायु प्रदूषण से जूझ रही थी। वर्ष 2013 के बाद वहां कोयला संयंत्रों पर लगाम कसने, स्वच्छ घरेलू ईंधन को बढ़ावा देने, उद्योगों में बदलाव करने और वाहन उत्सर्जन पर सख्त नियम लागू करने जैसे ठोस कदम उठाए गए। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, 2013 से 2017 के बीच बीजिंग में पीएम 2.5 के स्तर में 35 प्रतिशत और आसपास के इलाकों में 25 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि वहां भी हवा पूरी तरह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों पर खरी नहीं उतरी थी, लेकिन इस अनुभव ने साबित कर दिया कि स्पष्ट नीति और सख्त अमल से तस्वीर बदली जा सकती है। जहरीली हवा की सबसे बड़ी कीमत बच्चों, बुजुर्गों और सांस व दिल के मरीजों को चुकानी पड़ती है। प्रदूषण के चरम पर पहुंचते ही स्कूल बंद करने पड़ते हैं और बच्चों का खेलकूद घर की चारदीवारी तक सिमट जाता है। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ और इलाज का बढ़ता खर्च आम परिवारों की कमर तोड़ रहे हैं। साफ हवा कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन की बुनियादी शर्त है। इसके लिए बेहतर सार्वजनिक परिवहन, स्वच्छ ऊर्जा और कचरे के वैज्ञानिक निपटान पर तेजी से काम करना होगा। साथ ही, नागरिकों को भी निजी वाहनों का मोह छोड़कर और कचरा न जलाने जैसी छोटी–छोटी आदतें अपनाकर अपनी भूमिका निभानी होगी।

सच यह है कि प्रदूषण के लिए कोई एक पक्ष जिम्मेदार नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि जिम्मेदारी किसी की नहीं। सरकारों को योजनाओं के नतीजे सार्वजनिक करने होंगे और सियासी दलों को आरोपों से आगे बढ़कर समाधान पर एकमत होना होगा। असली सवाल यह नहीं है कि हवा किसने बिगाड़ी, बल्कि यह है कि अगली सर्दी आने से पहले इसे साफ करने के लिए कौन क्या करेगा। साफ हवा सबका हक है और इसे बचाना सबकी साझा जिम्मेदारी।

बीमारियों से बचाने के लिए सड़क पर टीका मित्र वाहन

- जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने सीएमओ कार्यालय से झंडी दिखाकर किया रवाना
- जिले के सभी ब्लकों में भ्रमण कर टीकाकरण के प्रति करेगा जागरूक, एक भी बच्चा टीके से न छूटे का दिया जाएगा संदेश

देवरिया, 28 नवंबर 2026 रू जिले में बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा अभियान शुरू किया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. विपिन रंजन ने शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से सहयोगी संस्था पीसीआई के सहयोग से टीकाकरण जागरूकता टीका मित्र प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन अब जिले के सभी ब्लॉकों में भ्रमण कर लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करेगा। वाहन पर एलईडी स्क्रीन पर टीकाकरण से जुड़े नारे, पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं, वीडियो के माध्यम से बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण की जानकारी दी जाएगी। वाहन में लाउडस्पीकर के माध्यम से भी लोगों को संदेश दिया जाएगा।



डॉ. विपिन रंजन ने वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि टीकाकरण ही बच्चों को कई खतरनाक बीमारियों से बचाने का सबसे सस्ता और सबसे सुरक्षित तरीका है। उन्होंने कहा कि हमारा एक ही लक्ष्य है कि जिले में एक भी बच्चा टीके से वंचित न रहे। आज भी कई परिवारों में भ्रम है कि टीका लगाने से बच्चे को बुखार आ जाएगा, बच्चा रोएगा। हम इस प्रचार वाहन के माध्यम से यही भ्रम तोड़ना चाहते हैं। हल्का बुखार आना सामान्य है, यह इस बात का संकेत है कि टीका काम कर रहा है। यह वाहन जिले के सभी ब्लॉकों, गांवों, कस्बों और दूर–दराज के इलाकों में जाएगा। यह माताओं को बताएगा कि बच्चे को कौन सा टीका, कब और कहां लगवाना है। उन्होंने बताया कि भाटपार रानी, सलेमपुर, बरहज, रुद्रपुर, पथरदेवा, बैतालपुर, बनकटा, भलुअनी, भटनी, देसही देवरिया, गौरीबाजार, तरकुलवा, लार, रामपुर कारखाना आदि में जाएगा।

इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. अश्वनी पाण्डेय, सहयोगी संस्था पीसीआई, सीफार, जेएसआई के जिला प्रतिनिधि सहित पाण्डेय, मुकेश, मनीष मिश्रा, रविजीत बहादुर सिंह अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

इन बीमारियों से बचाता है टीका

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. विपिन रंजन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि नियमित टीकाकरण से बच्चे इन खतरनाक बीमारियों से बचते हैं। टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिस–बी, डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, हिब, निमोनिया, रोटा वायरस से होने वाला दस्त, खसरा, रूबेला और जापानी बुखार से बचाती हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से कई बीमारियां ऐसी हैं जो एक बार हो जाने पर बच्चे को जीवन भर के लिए अपंग बना सकती हैं या जान भी ले सकती हैं।

जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच प्रगणक जिलाधिकारी द्वारा होंगे सम्मानित

लोक हस्तक्षेप समाचार

देवरिया। जिला जनगणना अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी पंकज प्रकाश राठौर ने बताया है कि जनगणना–2027 के द्वितीय चरण का कार्य अर्थात घर–घर जनगणना 01 दिसंबर 2026 से प्रारंभ हो रहा है। उक्त कार्य के दृष्टिगत 01 दिसंबर 2026 से 07 दिसंबर 2026 को सायं 8 बजे तक ऑनलाइन रिपोर्ट के आधार पर सर्वाधिक परिवारों की जनगणना करने वाले पांच प्रगणकों (ज्वच–05) को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं उपहार पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे प्रगणकों के सुपरवाइजरों को भी जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

कल्याणकारी शिविर में 30 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं उपकरण वितरित

देवरिया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कल्याण सेक्टर (जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं जिला प्रोबेशन विभाग) जनपद देवरिया द्वारा संयुक्त रूप से जनपद की समस्त तहसीलों में ष्सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मानष की मूल भावना के साथ कल्याणकारी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार–प्रसार तथा चयनित लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में आज रुद्रपुर तहसील सभागार में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नायब तहसीलदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, देवरिया के वरिष्ठ सहायक श्यामकरन गुप्ता द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा नायब तहसीलदार के माध्यम से 15 दिव्यांग लाभार्थियों को कान की मशीन, छड़ी एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसी क्रम में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना के पांच लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना के पांच लाभार्थियों तथा जिला प्रोबेशन विभाग के पांच लाभार्थियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही एक दिव्यांगजन का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु फार्म भरवाया गया।

नायब तहसीलदार रुद्रपुर ने वितरण के उपरांत राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए अपने स्तर से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित कल्याण सेक्टर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि सरकार द्वारा जनसामान्य के लिए संचालित योजनाओं को गांव–गांव और घर–घर तक पहुंचाया जाए, ताकि कोई भी गरीब एवं बेसहारा व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। कार्यक्रम के अंत में नायब तहसीलदार ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं लाभार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिविर का समापन किया।

एसडीएम सलेमपुर ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्वाचक कार्यों का लिया जायजा



लोक हस्तक्षेप समाचार

सलेमपुर (देवरिया) । उप नगर पिंडी में चल रहे निर्वाचन नियमावली कार्यों का आज स्थलीय निरीक्षण उपजिलाधिकारी सलेमपुर क्षितिज द्विवेदी द्वारा किया गया। द्विवेदी सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय पिंडी पहुंचे जहां पर कार्य कर रहे बीएलओ विशाल गौरव एवं बीएलओ प्रधानाध्यापक ताज मोहम्मद से निर्वाचन नियमावली में किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया। तत्पश्चात उप जिलाधिकारी ने पिंडी में ही संचालित राजकीय कन्या जूनियर हाई स्कूल के बूथों का जायजा लिया।

उप जिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने कहा कि हर हाल में जो व्यक्ति 18 साल उम्र पूर्ण कर लिये हैं उन्हें मतदाता सूची में जोड़ा जाए, कोई भी व्यक्ति मताधिकार से वंचित न रहे।

इस अवसर पर सहायक कमिश्नर जीएसटी विकास श्रीवास्तव, बीएलओ ताज मोहम्मद, बीएलओ विशाल गौरव, बीएलओ जन्मेजय पति त्रिपाठी, बीएलओ सुमन देवी, क्षेत्रीय लेखपाल अभिनव मिश्रा, बृजेश पांडे सहित अनेकों ग्रामीण जन मौजूद रहे। सभी कर्मचारी निर्वाचक नियमावली में नाम जोड़ने हेतु फार्म 6, संशोधन एवं पता परिवर्तन हेतु फार्म 8 भर कर फीडिंग कार्य करते दिखे। उप जिलाधिकारी ने बीएलओ कार्य कर रहे सभी कर्मचारियों के कार्यों से संतुष्ट दिखे और सभी लोगों जो 18 वर्ष की उम्र पूरा कर चुके हैं, निर्वाचक नियमावली में अपना वोटर के रूप में नाम दर्ज कराने की अपील किए।

राजकीय आईटीआई में 30 नवंबर को प्लेसमेंट

देवरिया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवरिया के प्रधानाचार्य केके राम ने बताया कि 30 नवंबर 2026 को प्रातः 10 बजे संस्थान परिसर में मदरसन सुमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड, लखनऊध्नोएडा द्वारा प्लेसमेंट किया जाएगा। इसमें फिटर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, मशीनिस्ट, टर्नर, मोटर व्हीकल, वायरमैन सहित अन्य दो वर्षीय तकनीकी ट्रेडों के उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले प्रशिक्षार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष तथा उत्तीर्ण वर्ष 2014 से 2026 तक होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 15 हजार से 25 हजार रुपये तक मासिक वेतन मिलेगा। अभ्यर्थियों को शैक्षिक अंकपत्र एवं प्रमाण पत्रों की मूल प्रति व छायाप्रति, बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा चार फोटो लेकर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

प्रदूषण जांच केंद्रों का औचक निरीक्षण किया

बाराबंकी,संवाददाता। जिले में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत शनिवार को प्रदूषण जांच केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। परिवहन विभाग ने केंद्र संचालकों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अमिताभ राय के नेतृत्व में मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई) बलवंत सिंह यादव ने शहर के अलग–अलग इलाकों में केंद्रों की जांच की। टीम ने जांच मशीनों, सॉफ्टवेयर अपडेट, कैलिब्रेशन प्रमाणपत्र और जारी किए गए प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) के रिकॉर्ड देखे।

कल्याणकारी शिविर में 30 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं उपकरण वितरित

देवरिया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कल्याण सेक्टर (जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं जिला प्रोबेशन विभाग) जनपद देवरिया द्वारा संयुक्त रूप से जनपद की समस्त तहसीलों में ष्सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मानष की मूल भावना के साथ कल्याणकारी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार–प्रसार तथा चयनित लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में आज रुद्रपुर तहसील सभागार में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नायब तहसीलदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, देवरिया के वरिष्ठ सहायक श्यामकरन गुप्ता द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा नायब तहसीलदार के माध्यम से 15 दिव्यांग लाभार्थियों को कान की मशीन, छड़ी एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसी क्रम में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना के पांच लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना के पांच लाभार्थियों तथा जिला प्रोबेशन विभाग के पांच लाभार्थियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही एक दिव्यांगजन का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु फार्म भरवाया गया।

नायब तहसीलदार रुद्रपुर ने वितरण के उपरांत राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए अपने स्तर से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित कल्याण सेक्टर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि सरकार द्वारा जनसामान्य के लिए संचालित योजनाओं को गांव–गांव और घर–घर तक पहुंचाया जाए, ताकि कोई भी गरीब एवं बेसहारा व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए।

कार्यक्रम के अंत में नायब तहसीलदार ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं लाभार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिविर का समापन किया।

'विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की जमीनी हकीकत परखने बूथों पर पहुंचे डीएम

लोक हस्तक्षेप समाचार

'देवरिया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2027 के अंतर्गत संचालित विशेष अभियान दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, देवरिया स्थित मतदेय स्थल संख्या 246 से 252 तथा प्राथमिक विद्यालय सोनूघाट स्थित मतदेय स्थल संख्या 37 एवं 38 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से प्राप्त दावे एवं आपत्तियों, नए मतदाताओं के पंजीकरण और मतदाता सूची में संशोधन संबंधी कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप प्राप्त सभी प्रपत्रों का परीक्षण एवं निस्तारण समयबद्ध ढंग से किया जाए। विशेष रूप से अर्हता प्राप्त कर चुके युवाओं एवं छूटे हुए पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

स्क्रैप लदा ट्रक आगे चल रहे ट्रक में घुसा, ड्राइवर-कंडक्टर जिंदा जले

बाराबंकी,संवाददाता। जिले में शनिवार सुबह किसान पथ पर स्क्रैप लदा ट्रक आगे चल रहे ट्रक में घुस गया। टक्कर के बाद उसके केबिन में आग लग गई। हादसे में ड्राइवर और कंडक्टर जिंदा जल गए। आग से पूरा केबिन जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे में आग बुझाई। इसके बाद केबिन की तलाशी में दो लोगों के जले हुए शव मिले। हादसा बाराबंकी जिला मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर माती इलाके में सुबह 9.30 बजे हुआ। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हादसे के समय ट्रक के केबिन में कुल कितने लोग सवार थे। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी आफताब आलम ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। केबिन में सवार लोगों की संख्या और घटना से जुड़ी अन्य जानकारियां जुटाई जा रही हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि किसान पथ पर एक ट्रक (यूपी 21 सीटी 9128) पहले से खड़ा था, जो खराब हो गया था। उसमें बोरियों में अनाज लदा है। ट्रक के पीछे रेडियम का कोन भी रखा था ताकि लोग आसानी से देख लें। लेकिन सुबह करीब 9.30 बजे पीछे से आ रहा स्क्रैप लदा ट्रक (पीबी 11 सीएक्स 6901) बेकाबू होकर उसमें टकरा गया।

विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर डीएम ने परखी व्यवस्थाएं, विभिन्न विद्यालयों का किया स्थलीय निरीक्षण





देवरिया। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2027 के दृष्टिगत निर्वाचन संबंधी तैयारियों को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से संपादित कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारीध जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद के विभिन्न विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईटीआई देवरिया, सनबीम स्कूल, सेंट्रल एकेडमी विद्यालय, नवजीवन मिशन स्कूल, पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया, सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवरिया, एसएसबीएल इंटर कॉलेज देवरिया, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज देवरिया एवं जनता इंटर कॉलेज, देवरिया में संभावित स्ट्रांग रूम तथा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल के लिए उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं एवं व्यवस्थागत संसाधनों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित परिसरों की भौतिक स्थिति, उपलब्ध स्थान, आवागमन की सुगमता तथा निर्वाचन संबंधी गतिविधियों के संचालन की दृष्टि से आवश्यक सुविधाओं की उपयुक्तता का परीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित स्थलों पर निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों एवं दिशा–निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का पूर्व आकलन कर लिया जाए। जहां कहीं भी अतिरिक्त संसाधनों अथवा व्यवस्थागत सुधार की आवश्यकता हो, उसे समय रहते चिह्नित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील दायित्व के निर्वहन में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए तथा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, पोलिंग पार्टियों की रवानगी और अन्य निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर सभी तैयारियां पूर्व में ही पूर्ण कर ली जाएं।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह सहित संबंधित अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

जी एम एकेडमी में चौथे दिन वॉलीबॉल, कबड्डी व फुटबॉल में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

- केला दौड़ व म्यूजिकल चेयर में नन्हें प्रतिभागियों ने मारी बाजी

सलेमपुर (देवरिया) । शिक्षा के साथ खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से जी एम एकेडमी में आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव के चौथे दिन शनिवार को खेल मैदान पर रोमांच और उत्साह का नजारा देखने को मिला। विद्यालय के चारों हाउस रेड लायंस, ब्लू डिफेंडर्स, ग्रीन टाइटंस और येलो स्ट्राइकर्स के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पूरे दमखम के साथ हिस्सा लिया। वॉलीबॉल, कबड्डी और फुटबॉल के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया, वहीं केला दौड़ और म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताओं में नन्हे–मुन्ने बच्चों का उत्साह देखते ही बना। सीनियर बालक वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रेड लायंस ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि ब्लू डिफेंडर्स को उपविजेता के खिताब से संतोष करना पड़ा। सीनियर बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में ग्रीन टाइटंस ने 23 अंक हासिल कर मुकाबला अपने नाम किया। ब्लू डिफेंडर्स की टीम 22 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। दोनों टीमों के बीच मुकाबला बेहद करीबी रहा।

फुटबॉल बालक वर्ग में ब्लू डिफेंडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल से जीत दर्ज की। रेड लायंस की टीम कोई गोल नहीं कर सकी और उपविजेता रही, वहीं सीनियर



बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में भी चारों हाउस के खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, रणनीति और टीम भावना का प्रदर्शन किया।

इसी क्रम में नन्हे खिलाड़ियों के लिए आयोजित केला दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में शिवांश प्रताप सिंह ने प्रथम, कुणाल यादव ने द्वितीय तथा कुशाग्र पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में श्रद्धा ने पहला, काव्या यादव ने दूसरा तथा अविका मौर्य ने तीसरा स्थान हासिल किया। तीनों विजेताओं ने अपनी प्रतिभा और उत्साह से सभी का ध्यान आकर्षित किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में भी बच्चों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला। बालक वर्ग में अभिनव यादव ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में अदिति यादव विजेता रहीं। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों की सक्रियता और उत्साह ने खेल मैदान का माहौल खुशनुमा बना दिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन द्विवेदी ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है। विद्यालय का प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बेहतर मंच मिले।

खेल महोत्सव के चौथे दिन की प्रतियोगिताओं में शिक्षकों और विद्यालय के कर्मचारियों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस पांच दिवसीय आयोजन का उद्देश्य पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है।

दोपहिया चालकों को रोटरी क्लब ने बांटे हेलमेट

बाराबंकी,संवाददाता।

यातायात माह के तहत रोटरी क्लब बाराबंकी ने शनिवार को अयोध्या रोड स्थित अपूर्व सर्जिकल एंड मैटरनिटी सेंटर में हेलमेट बांटे और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी और प्रभारी यातायात निरीक्षक राम यतन यादव शामिल हुए। क्लब के सदस्यों ने दोपहिया वाहन चालकों को मुफ्त हेलमेट दिए। उनसे वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने और सड़क पर सावधानी बरतने की अपील की गई। क्लब ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क हादसों में होने वाली जनहानि कम करने का संदेश देना है। एसपी रवीना त्यागी ने क्लब के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता जरूरी है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना कानूनी नियम के साथ–साथ जीवन की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हेलमेट सड़क हादसे में सिर पर गंभीर चोट लगने का खतरा कम करता है। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और अपनी व दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील की। क्लब के मीडिया प्रभारी गिरीश अरोड़ा (मीनू) ने बताया कि क्लब समय–समय पर सामाजिक कार्यक्रम करता है। इसी क्रम में यातायात माह के दौरान हेलमेट बांटकर सुरक्षित यातायात का संदेश दिया गया।


चित्रांगदा सिंह ने की सलमान खान की जमकर तारीफ, बोलीं–वो सबको बेस्ट दिखाते हैं



अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह आगामी वॉर–ड्रामा फिल्म मातृभूमिरू मे वॉर रेस्ट इन पीस में अभिनेता सलमान के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने सलमान खान के साथ स्क्रीन शेयर करने के अनुभव को याद करते हुए बताया कि अभिनेता की दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और आत्मविश्वास ने शुरुआत में उन्हें थोड़ा नर्वस कर दिया था। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में सलमान खान की जमकर तारीफ की। चित्रांगदा का कहना है कि सलमान खान में दूसरों से बेस्ट निकलवाने की काबिलियत है और इसी वजह से उनके साथ स्क्रीन शेयर करना मजेदार हो गया। उन्होंने कहा, सलमान खान के साथ काम करना वाकई शानदार और यादगार अनुभव रहा। उनकी प्रेजेंस बेहद दमदार है। कैमरे के सामने उनमें ऐसी सहजता और आत्मविश्वास रहता है कि शुरुआत में, तो मैं भी थोड़ा नर्वस हो गई थी, लेकिन उनके काम करने के तरीके में एक शानदार सहजता भी है, जो उनके साथ फ्रेम शेयर करना इतना मजेदार बना देती है और हर सीन में एक नेचुरल एनर्जी ले आती है। चित्रांगदा सिंह ने मातृभूमि के गानों में सलमान के साथ अपनी केमिस्ट्री को मिल रहे रिस्पॉन्स को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, जब से मातृभूमि के गाने आए हैं, तब से हमारी केमिस्ट्री को बहुत प्यार मिल रहा है और मैं इस रिस्पॉन्स को देखकर वाकई बेहद खुश हूं। जब दो एक्टर स्क्रीन पर एक खास कम्फर्ट और समझ शेयर करते हैं, तो दर्शक उसे महसूस कर पाते हैं और मुझे खुशी है कि हमारी जोड़ी दर्शकों को पसंद आ रही है। मैं वाकई चाहती हूं कि दर्शक फिल्म में हमारी जोड़ी को देखें। अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह (चित्रांगदा इसमें सलमान की पत्नी का किरदार निभा रही हैं) मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पुराना नाम बैटल ऑफ गलवान था, जो भारत–चीन संघर्ष की पृष्ठभूमि पर आधारित थी। सलमान प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले फिल्म की कहानी एक भारतीय सैनिक (सलमान खान) के जीवन, युद्ध के खौफनाक मंजर, परिवार के दर्द और शांति के संदेश के इर्द–गिर्द घूमती है।

रोजाना कितनी देर करना चाहिए योग, जानिए आयुष मंत्रालय से

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद को स्वस्थ और फिट रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। ऑफिस का काम, घर की जिम्मेदारियां और दिनभर की व्यस्तता के बीच लोग अपनी सेहत के लिए समय नहीं निकाल पाते। ऐसे में योग एक ऐसा तरीका है, जिसकी मदद से न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है, बल्कि मानसिक शांति भी मिलती है। यही वजह है कि आज बड़ी संख्या में लोग अपनी दिनचर्या में योग को शामिल कर रहे हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि रोजाना कितनी देर योग करना चाहिए? इस सवाल का जवाब देते हुए आयुष मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें बताया गया है कि योग करने की अवधि ा हर व्यक्ति के लिए एक जैसी नहीं हो सकती। यह व्यक्ति की शारीरिक क्षमता, स्वास्थ्य स्थिति और जरूरतों पर निर्भर करती है। आयुष मंत्रालय के मुताबिक, जो लोग योग की शुरुआत कर रहे हैं, उनके लिए सामान्य तौर पर



दिन में करीब 45 मिनट तक अभ्यास करने की सलाह दी जाती है। हालांकि, इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि हर व्यक्ति को रोजाना इतने ही समय तक योग करना चाहिए। दरअसल, हर इंसान का शरीर अलग होता है। किसी व्यक्ति की शारीरिक क्षमता अच्छी हो सकती है, जबकि कोई किसी बीमारी या शारीरिक परेशानी से जूझ रहा हो सकता है। ऐसे में दोनों के लिए योग का समय और अभ्यास एक जैसा नहीं हो सकता। इसलिए अपनी क्षमता को समझते हुए ही योग करना चाहिए। कई बार लोग दूसरों को देखकर योग करने लगते हैं। अगर कोई व्यक्ति एक घंटे तक योग कर रहा है, तो दूसरा भी उतनी ही देर अभ्यास करने की कोशिश करता है। लेकिन ऐसा करना सही नहीं है।

महमूद के घर की एक बर्थडे पार्टी ने बदल दी जिंदगी, ऐसे बने नईम से जूनियर महमूद

हिंदी सिनेमा में कई ऐसे कलाकार हुए हैं, जिन्होंने अपनी शानदार अदाकारी और अनोखे अंदाज से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। इन्हीं में से एक नाम है जूनियर महमूद का। अपनी कॉमिक टाइमिंग, मजेदार डायलॉग डिलीवरी और शानदार डांस से लोगों को हंसाने वाले जूनियर महमूद का असली नाम नईम सैय्यद था। उन्होंने बतौर बाल कलाकार फिल्मी दुनिया में कदम रखा और देखते ही देखते अपनी अलग पहचान बना ली। लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्हें जूनियर महमूद नाम कैसे मिला था? इसके पीछे एक ऐसी दिलचस्प कहानी है, जिसका कनेक्शन दिग्गज अभिनेता और कॉमेडियन महमूद के घर की एक बर्थडे पार्टी से है। जूनियर महमूद का जन्म 15 नवंबर 1956 को मुंबई में हुआ था। बचपन से ही उन्हें फिल्मों और एक्टिंग में दिलचस्पी थी। उनके भाई फिल्मों के सेट पर फोटोग्राफर के तौर पर काम करते थे। ऐसे में नईम को भी कई बार शूटिंग देखने का मौका मिलता था। धीरे–धीरे फिल्मों के प्रति उनका आकर्षण बढ़ने लगा। जूनियर महमूद के फिल्मों में आने की कहानी भी काफी दिलचस्प है। एक बार उनके भाई उन्हें फिल्म की शूटिंग देखने के लिए सेट पर ले गए थे। वहां उन्हें चुपचाप बैठने की हिदायत दी गई थी। उस समय फिल्म कितना नाजुक है दिल की शूटिंग चल रही थी। एक बाल कलाकार अपने डायलॉग बार–बार भूल रहा था। यह देखकर जूनियर महमूद से रहा नहीं गया और उन्होंने मजाक में टिप्पणी कर दी। जब निर्देशक ने उनसे पूछा कि क्या वह ये डायलॉग बोल सकते हैं, तो उन्होंने आत्मविश्वास से कहा कि वह जॉनी वॉकर के डायलॉग भी बोल सकते हैं। उनकी इसी बात ने उन्हें फिल्म में काम करने का मौका दिला दिया। उस वक्त उनकी उम्र महज 9 साल थी। एक बार फिल्म सुहागरात की शूटिंग के दौरान दिग्गज अभिनेता महमूद की बेटी का जन्मदिन था। इस मौके पर उन्होंने फिल्म की पूरी यूनिट को अपने घर बुलाया था। नईम भी वहां जाना चाहते थे, लेकिन उन्हें न्योता नहीं मिला। इस बात से वह काफी नाराज हो गए। उन्होंने महमूद से शिकायत करते हुए कहा कि क्या उन्हें इसलिए नहीं बुलाया गया, क्योंकि उनके पिता कोई प्रोड्यूसर या डायरेक्टर नहीं हैं? नईम की यह बात सुनकर महमूद ने उन्हें पार्टी में आने के लिए कहा। इसके बाद नईम ने वहां ऐसा डांस किया कि सभी देखते रह गए। उन्होंने



फिल्म गुमनाम के मशहूर गाने हम काले हैं तो क्या हुआ दिलवाले हैं पर शानदार परफॉर्मेंस दी। उनका अंदाज महमूद को इतना पसंद आया कि उन्होंने नईम को अपना शिष्य बना लिया। इस पार्टी में नईम की प्रतिभा देखकर महमूद काफी प्रभावित हुए। इसके बाद उन्होंने दादर के रंजीत स्टूडियो में नईम को बुलाया और उनकी कलाई पर गंडा बांधकर उन्हें अपना चेला बनाया। इसी के साथ उन्हें जूनियर महमूद नाम भी दिया। बस फिर क्या था, नईम सैय्यद की पहचान जूनियर महमूद के रूप में बनने लगी। जूनियर महमूद ने अपने लंबे फिल्मी करियर में सात अलग–अलग भाषाओं की करीब 265 फिल्मों में काम किया। गीत गाता चल, दीवानगी और अंखियों के झरोखे से जैसी फिल्मों में भी उन्होंने अपनी अदाकारी का जलवा दिखाया। बाल कलाकार के तौर पर उनकी लोकप्रियता इतनी थी कि निर्माता उनकी कॉमेडी और डांस को फिल्मों के लिए खास आकर्षण मानते थे। बाद में फिल्मों में पहले जैसी सफलता नहीं मिली तो उन्होंने टेलीविजन की दुनिया का रुख किया। वह प्यार का दर्द है मीठा–मीठा प्यारा–प्यारा, एक रिश्ता साझेदारी का और तेनाली राम जैसे सीरियल्स में नजर आए। 8 दिसंबर 2023 को पेट के कैंसर के कारण 67 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। भले ही आज जूनियर महमूद हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी कॉमेडी, शानदार डांस और फिल्मों से जुड़े दिलचस्प किस्से हमेशा दर्शकों की यादों में जिंदा रहेंगे।

रोज पांच मिनट करें चक्की चालनासन, पाचन मजबूत और कमर भी होगी लचीली

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद को स्वस्थ और फिट रखना बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसे में योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ–साथ मन को शांत रखने में भी मदद करता है। चक्की चालानासन एक ऐसा योगाभ्यास है, जिसमें शरीर को चक्की चलाने जैसी गति में घुमाया जाता है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, चक्की चालनासन पारंपरिक रूप से हाथ से अनाज पीसने की चक्की चलाने की गति पर आधारित एक बैठकर किया जाने वाला योगासन है। यह आसन मुख्य रूप से पेट की मांसपेशियों को मजबूत करने, पाचन सुधारने और शरीर में लचीलापन बढ़ाने के लिए किया जाता है। चक्की चालनासन को शुरुआती अभ्यासकर्ता आसानी से कर सकते हैं, बस इसे करते समय सांसों की गति और शरीर के संतुलन का ध्यान रखना जरूरी होता है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर में लचीलापन बढ़ाने और पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में भी मदद मिल सकती है।

चक्की चालनासन महिलाओं के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि इसे करते समय पेट के निचले हिस्से और पेल्विक एरिया की मांसपेशियों पर सीधा असर पड़ता है। जब अभ्यासकर्ता इस आसन में शरीर को गोल–गोल



घुमाते हैं, तो पेट और कमर की मांसपेशियां बारी–बारी से खिंचती और सिकुड़ती हैं। इससे यूटेरस और ओवरी के आसपास ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। अच्छा ब्लड फ्लो मिलने से ये अंग सक्रिय रहते हैं और इनकी कार्यक्षमता भी बेहतर होती है।

इस आसन से पेल्विक मांसपेशियां लचीली होती हैं जिससे पीरियड्स के दौरान होने वाली ऐंठन और भारीपन कम महसूस होता है। इसके नियमित अभ्यास से हार्मोनल संतुलन को बनाए रखने में मदद मिलती है, जिससे पीरियड्स का चक्र धीरे–धीरे नियमित होने लगता है।

वहीं, पीरियड्स के समय पाचन बिगड़ना आम बात है। यह आसन आंतों की मालिश जैसा काम करता है, जिससे कब्ज, गैस और पेट फूलने की समस्या कम होती है। गर्भवती महिलाओं और हाल ही में पेट या हर्निया की सर्जरी कराने वाले लोगों को बिना विशेषज्ञ की सलाह के इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए।

दुनिया कुछ भी कहे, अपने सपनों पर विश्वास रखें: आई प्ले रॉकी के प्रीमियर पर कार्तिक आर्यन ने दिया प्रेरणादायक संदेश

मुंबई फिल्म आई प्ले रॉकी के प्रीमियर पर कार्तिक आर्यन ने सपनों, दृढ़ संकल्प और खुद पर विश्वास रखने के महत्व को लेकर एक दिल छू लेने वाला संदेश दिया। फिल्म को सपने देखने वालों और अपने सपनों पर विश्वास करने वालों की कहानी बताते हुए अभिनेता ने कहा कि यह उन सभी लोगों से जुड़ाव महसूस कराएगी, जिन्हें कभी न कभी यह कहा गया है कि उनकी महत्वाकांक्षाएं पूरी नहीं हो सकतीं।

अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा, यह फिल्म उन सभी लोगों के बारे में है, जो सपने देखते हैं और अपने सपनों पर विश्वास करते हैं। ऐसे लोग, जिनसे अक्सर कहा जाता है कि श्नहीं हो सकता, यह तू कभी नहीं बन सकता, यह कभी नहीं बन सकती।च मेरा मानना है कि यह फिल्म आपको विश्वास दिलाएगी कि आप यह कर सकते हैं और अपने सपनों को हासिल कर सकते हैं, चाहे कुछ भी हो जाए। अपने सफर से फिल्म की तुलना करते हुए कार्तिक ने बताया कि किस तरह ओरिजिनल फिल्म रॉकी कई पीढ़ियों को प्रेरित करती आई है। उन्होंने यह भी साझा किया कि फिल्म का मशहूर गाना आई ऑफ द टाइगर मुश्किल वक्त में उन्हें व्यक्तिगत रूप से प्रेरित करता है। उन्होंने कहा, मेरे सफर में कई बार ऐसा हुआ है कि जब भी मैं खुद को निराश महसूस करता हूं, तो श्आई ऑफ द टाइगरच्च एक ऐसा गाना है, जो मेरे लिए थीम सॉन्ग की तरह है और मुझे बहुत प्रेरित करता है। इसके बाद मैं बाकी चीजों से ध्यान हटाकर दोबारा अपने सपनों की दिशा में काम करना शुरू कर देता हूं। कार्तिक की ये बातें उस समय और भी खास हो गईं, जब उन्होंने ऐसे संदेश पर बात की, जो फिल्म इंडस्ट्री में उनके अपने सफर से काफी हद तक जुड़ा हुआ है। चुनौतियों का सामना करने से लेकर अपनी अलग पहचान बनाने तक, कार्तिक की कहानी फिल्म के बड़े संदेश यानी दृढ़ता और आत्मविश्वास को दर्शाती है। प्रीमियर पर उनकी स्पीच ने इस बात को रेखांकित किया कि आलोचनाओं, असफलताओं और दूसरों की सोच की परवाह किए बिना अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित रखना कितना जरूरी है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण और संतुलित जनप्रतिनिधित्व की दिशा में महत्वपूर्ण पहल : सर्वप्रिय त्यागी

लोक हस्तक्षेप समाचार

गुरुग्राम । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 27 नवंबर को आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में परिसीमन एवं महिला आरक्षण से जुड़े संशोधित विधायी प्रस्तावों को मंजूरी दिए जाने का भाजपा गुरुग्राम के जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी और पदाधिकारियों ने स्वागत किया है। जिलाध्यक्ष त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण, संतुलित जनप्रतिनिधित्व और लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी को विशेष प्राथमिकता दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी नारी शक्ति को नीति निर्माण एवं निर्णय प्रक्रिया में अधिक अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परिसीमन के संशोधित प्रस्ताव में राज्यों के संसदीय प्रतिनिधित्व का संतुलन बनाए रखने का प्रयास भी किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं इस पहल की सराहना की। भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक हिना शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण से जुड़े संशोधित प्रस्ताव को मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलना उन असंख्य माताओं और बेटियों की आकांक्षाओं को स्वर देने की पहल है, जिन्होंने परिवार की जिम्मेदारियों के साथ राष्ट्र निर्माण का सपना संजोया है। रसोई से संसद तक का यह सफर पीढ़ियों की उम्मीदों, त्याग, आत्मसम्मान और अनकहे सपनों को आवाज देने का अवसर है। भाजपा महिला मोर्चा हरियाणा की प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि महिला आरक्षण देश की आधी आबादी के अधिकार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इस विषय पर सभी राजनीतिक दलों को अपने मतभेदों से ऊपर उठकर सकारात्मक संवाद और व्यापक सहमति की दिशा में आगे बढना चाहिए। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अजय दुआ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा संशोधित प्रस्तावों को मंजूरी दिए जाने के बाद अब संसद में इन पर व्यापक चर्चा का अवसर मिलेगा। विपक्ष से अपेक्षा है कि वह अपने सुझावों एवं आपत्तियों पर रचनात्मक संवाद करते हुए परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े विधेयकों को सर्वसम्मति से पारित कराने में सहयोग करे। भाजपा महिला मोर्चा, गुरुग्राम की जिलाध्यक्ष डॉ. विशिका यादव जैन ने कहा कि महिलाएँ केवल मतदाता नहीं, बल्कि नीति निर्माता, निर्णयकर्ता और राष्ट्र निर्माण की नेतृत्वकर्ता भी बनें। नारी शक्ति की सक्रिय सहभागिता विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण एवं परिसीमन की दिशा में उठाए गए कदम महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता और नेतृत्व के अवसरों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। गुरुग्राम भाजपा जिला प्रवक्ता सुशीला कटारिया ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा परिसीमन के संशोधित प्रस्ताव को मंजूरी दिया जाना संतुलित संसदीय प्रतिनिधित्व की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण और राज्यों के प्रतिनिधित्व से जुड़े विषयों पर आगे बढ़ाए गए प्रस्तावों का स्वागत किया।

न्यूजीलैंड के नाम रहा दूसरे टेस्ट का पहला सेशन

क्राइस्टचर्च, एजेंसी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च के हेगली ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए लंच ब्रेक तक न्यूजीलैंड ने एक विकेट खोकर 77 रन बना लिए हैं। डेब्यू कर रहे गुरनूर बरार ने लंच से पहले आखिरी गेंद पर डेवोन कॉनवे को आउट करके भारत को मैच में पहली सफलता दिलाई। यह बरार के टेस्ट करियर का पहला विकेट भी है। हालांकि, कीवी टीम के लिए दूसरे टेस्ट का पहला सेशन अच्छा रहा है। टॉम लाथम और डेवोन कॉनवे ने पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े और न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दी। कॉनवे 31 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि लाथम 80 गेंदों में 42 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं।

चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव : कांग्रेस ने 30 वार्डों में घोषित किए उम्मीदवार

नंदिता हुड्डा, सचिन गलाव, गुरप्रीत गांधी, प्रेम लता और जन्नत जहां नैना समेत कई प्रमुख चेहरों को मिला टिकट, चुनावी मुकाबला हुआ दिलचस्प

लोक हस्तक्षेप समाचार

चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने शनिवार को 35 वार्डों में से 30 वार्डों के उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की द्वारा जारी इस सूची में कई पुराने और प्रमुख चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा गया है। वहीं, पांच वार्डों के उम्मीदवारों के नामों पर अभी फैसला नहीं हो पाया है। इनमें वार्ड नंबर 3, 20, 25, 29 और 32 शामिल हैं। कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची जारी होने के साथ ही चंडीगढ़ में नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। पार्टी ने वार्ड नंबर 13 से नंदिता हुड्डा, वार्ड नंबर 12 से सचिन गलाव, वार्ड नंबर 34 से गुरप्रीत गांधी, वार्ड नंबर 23 से प्रेम लता और वार्ड नंबर 8 से जन्नत जहां नैना को टिकट दिया है। इसके अलावा वार्ड नंबर 18 से तरुणा मेहता, वार्ड नंबर 22 से मुकेश गोयल और वार्ड नंबर 35 से जे.जे. सिंह को चुनाव मैदान में उतारा गया है।

पार्टी की ओर से जारी सूची में महिलाओं, सामान्य वर्ग और एससी वर्ग के उम्मीदवारों को भी जगह दी गई है। कांग्रेस ने 30 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुनावी मुकाबले की तस्वीर काफी हद तक साफ कर दी है। हालांकि, पांच वार्डों में उम्मीदवारों की घोषणा बाकी होने से इन सीटों पर राजनीतिक हलचल बनी हुई है। कांग्रेस ने फिलहाल वार्ड नंबर 3, 20, 25, 29 और 32 के उम्मीदवारों के नाम घोषित नहीं किए हैं। इन पांच सीटों पर पार्टी के भीतर विचार–विमर्श जारी है। माना जा रहा है कि बाकी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा होने के बाद चुनावी मुकाबले की तस्वीर और साफ हो जाएगी।

कांग्रेस ने 30 उम्मीदवारों की सूची जारी कर यह संकेत दे दिया है कि पार्टी नगर निगम चुनाव में पूरी तैयारी के साथ उतरने जा रही है। अब सभी की नजरें बाकी पांच वार्डों के उम्मीदवारों की घोषणा पर टिकी हैं। कांग्रेस के सामने भाजपा और अन्य राजनीतिक दलों की चुनौती होगी। ऐसे में आने वाले दिनों में टिकटों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां और तेज होने की संभावना है।

सहोदरा देवी क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में पदक अश्विन चौरसिया मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट महाकुंभ



देवरिया क्रिकेट एकेडमी रजला ने एनईआर एकेडमी वाराणसी को ७ विकेट से हराया, सन्नी साहनी बने मैन अफ द मैच

सलेमपुर, देवरिया। सोहनाग रोड स्थित सहोदरा देवी क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित 2दक अश्विन चौरसिया मेमोरियल अंडर–14 क्रिकेट महाकुंभ में बापू महाविद्यालय इंटर कॉलेज सलेमपुर के मैदान पर आज 5वां मैच देवरिया क्रिकेट एकेडमी रजला और एनईआर एकेडमी वाराणसी के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन युवा नेता आदित्य सिंह ष्पीयूषष् द्वारा किया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वाराणसी की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 111 रन बनाए। जिसमें महेश और रेयांश ने 22–22 रनों का योगदान दिया। देवरिया की तरफ से वारिस और सन्नी साहनी ने 2–2 विकेट लिए।

112 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए देवरिया क्रिकेट एकेडमी रजला ने 17 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। देवरिया की तरफ से सन्नी साहनी ने 34 रन बनाए।

देवरिया क्रिकेट एकेडमी रजला के सन्नी साहनी को मैन ऑफ द मैच दिया गया। निर्णायक की भूमिका सर्वजीत यादव व दिलीप कुमार ने निभाई।

इस दौरान कोच शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पदम् गुप्ता, मुरारी चरण, राकेश गुप्ता, हिमांशु, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

दार्जिलिंग चाय के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार करेगी ग्लोबल कैंपेन : पीयूष गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को दार्जिलिंग के चाय उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। दार्जिलिंग पहाड़ियों में चाय उद्योग से जुड़े हितधारकों के साथ चर्चा के बाद उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दार्जिलिंग चाय के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष मार्केटिंग अभियान शुरू करेगी और निर्यातकों को माल ढुलाई (फ्रेट) लागत में राहत देने के उपाय भी लागू करेगी। कुर्सियांग में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान गोयल ने कहा, हमारी चाय के निर्यात को बढ़ाने और यहां के चाय उद्योग को बेहतर मूल्य दिलाने के लिए निर्यात संवर्धन मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर का मार्केटिंग अभियान शुरू किया जाएगा।

यकीन करना मुश्किल है फिर बाहर कर दिया, सिराज को जगह न मिलने से नाखुश पूर्व भारतीय क्रिकेटर्स

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च के हेगली ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को एक बार फिर प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं दी गई है। टीम मैनेजमेंट के इस फैसले पर भारत के पूर्व क्रिकेटर्स ने नाराजगी जताई है। पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ सिराज को एक बार फिर प्लेइंग इलेवन से बाहर रखने से नाखुश दिखाई दिए। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यकीन करना मुश्किल है कि भारत के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक मोहम्मद सिराज को फिर से बाहर कर दिया गया है। सिराज को बुमराह के साथ भारत के विदेशी टेस्ट बॉलिंग अटैक में सबसे पहले चुना जाना चाहिए। दिलचस्प बात यह है कि बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल ने खुद सिराज को वर्ल्ड–क्लास बॉलर कहा था और बताया था कि वह अच्छी बात नहीं अगर आप मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी को नहीं देख रहे हैं, लेकिन आपकी अगली बॉलिंग यूनिट कहां है,



बॉलिंग कर रहे हैं। वहीं, पूर्व तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल ने लिखा, एक बार फिर मोहम्मद सिराज को प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली। मुनाफ ने अपने एक और ट्वीट में मौजूदा बॉलिंग अटैक पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने लिखा, चलो, कोई जो मैच जिताने में माहिर हो? क्रिकेट विशेषज्ञ और कमेंटेटर हर्षा भोगले ने अपने एक्स अकाउंट पर सिराज को लेकर लिखा, सिराज अब भारत के छठे रैंक वाले तेज गेंदबाज हैं। मुझे यह बहुत गलत लगता है। इस वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप साइकिल में टेस्ट क्रिकेट में टॉप 5 विकेट लेने वालों में भारत के पास अब सिर्फ बुमराह के लिए जगह है। आप चाहते हैं कि बॉलर अच्छे से चुने जाएं, उनके पास बॉलिंग के लिए बेहतरीन कंडीशन हैं, लेकिन उन्हें पता होगा कि जब उनकी बारी आएगी तो उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिलेंगे। मोहम्मद सिराज वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के मौजूदा साइकिल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह इस साइकिल में अब तक 43 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। सिराज को इस साल सिर्फ 3 टेस्ट मैच खेलने का मौका मिला है और इस दौरान उन्होंने 5 विकेट चटकाए हैं। साल 2020 में डेब्यू करने के बाद यह पहला मौका है, जब सिराज किसी विदेशी टेस्ट सीरीज में बिना कोई मैच खेले लौटेंगे।

वैश्विक व्यापार चिंताओं के बीच सेंसेक्स–निफ्टी में गिरावट के साथ शुरुआत

मुंबई, एजेंसी। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और वैश्विक व्यापार को लेकर बनी अनिश्चितताओं के बीच हालिया तेजी के बाद शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ खुले। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 84,093.24 अंक पर खुला, जो पिछले बंद स्तर से करीब 200 अंक यानी 0.28 प्रतिशत नीचे रहा। वहीं, निफ्टी 45.25 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,839.25 अंक पर पहुंच गया। भारतीय शेयर बाजार खुलते ही शुक्रवार को मेटल शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी दिखी और शनिफ्टी मेटलश सूचकांक लगभग 2 प्रतिशत ऊपर रहा। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, सीमेंट, रियल्टी और हेल्थकेयर सूचकांकों में 0.87 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। दूसरी ओर, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) शेयरों पर दबाव रहा और शनिफ्टी आईटीश सूचकांक में लगभग 1 प्रतिशत की गिरावट आई। इस बीच, बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि घरेलू बाजार में मजबूती बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार खरीदारी और बेहतर हो रहे फंडामेंटल्स हैं। विशेषज्ञों ने कहा, बाजार में मजबूती मुख्य रूप से एफआईआई की लगातार खरीदारी और बेहतर हो रहे फंडामेंटल्स की वजह से है। चूंकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के पास भी लगातार फंड आ रहा है, इसलिए वे भी बाजार में सक्रिय खरीदार बने हुए हैं। एफआईआई और डीआईआई दोनों की ओर से मिल रहा यह संस्थागत समर्थन शेयरों के लिए एक अच्छा संकेत है। विश्लेषकों का कहना है कि निफ्टी जब 25,900–26,000 के दायरे में पहुंचा।

स्पेन ने कटाया डेविस कप के सेमीफाइनल का टिकट, ऑस्ट्रिया को 2–0 से दी शिकस्त

बोलोग्ना (इटली), एजेंसी। स्पेन ने गुरुवार को ऑस्ट्रिया को 2–0 से हराकर डेविस कप फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम की जीत की नींव डेनियल मेरिडा ने रखी, जिन्होंने पहला मुकाबला जीतकर स्पेन को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद राफेल जॉडार ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछड़ने के बावजूद वापसी की और अपना मैच जीतकर स्पेन की टाई में जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत के साथ स्पेन ने कुल मिलाकर 2–0 की अजेय बढ़त हासिल की और सेमीफाइनल का टिकट कटाया। एटीपी फाइनल्स में अपनी सफलता के बाद मौजूद रहे कार्लोस अल्काराज को कोर्ट पर उतरने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि स्पेन का शनिवार को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ आखिरी–चार का मुकाबला होना था। मेरिडा ने



शुरुआती सिंगल्स मुकाबले में जोएल श्वार्जलर पर 6–4, 6–4 की शांत जीत के साथ स्पेन की जीत की नींव रखी। फिर जॉडार ने यह पक्का किया कि निर्णायक डबल्स मैच की जरूरत न पड़े, और जुरिज रोडियोनोव के खिलाफ 2–6, 6–0, 6–1 से शानदार जीत हासिल की। पहला सेट हारने के बाद 20 साल के खिलाड़ी का जवाब खास तौर पर शानदार था, क्योंकि उन्होंने ऑस्ट्रिया को हराने के लिए आखिरी 13 में से 12 गेम जीते। उनकी पहली सर्विस की काबिलियत अहम साबित हुई, जिसमें रोडियोनोव के साथ अपनी पहली एटीपी मीटिंग में जॉडार ने अपनी पहली डिलीवरी के बाद 94 प्रतिशत (63ध67) पॉइंट जीते। जॉडार ने स्पेन के कप्तान डेविड फेरर को मुश्किल शुरुआती दौर के बाद खुद को संभालने में मदद करने का क्रेडिट दिया और माना कि पूर्व टेनिस स्टार के मार्गदर्शन से उन्हें बाकी मैच में ज्यादा आजादी से खेलने में मदद मिली। एटीपी ने जॉडार के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि कप्तान डेविड (फेरर) की सलाह ने मुझे दूसरा सेट ज्यादा कॉन्फिडेंस और अधिक रिलैक्स होकर शुरू करने में सच में मदद की। मुझे यही करना था। मैं डेविस कप मैच में था, इसलिए मुझे एंजॉय करना था और खुलकर खेलने की कोशिश करनी थी। मैंने यही सबसे अच्छा किया। इस जीत ने जॉडार के सफल सीजन में एक और अहम पल जोड़ा। इस युवा खिलाड़ी ने हाल ही में ट्यूरिन में एटीपी फाइनल्स में हिस्सा लिया था, जहां उन्हें तीन हार के साथ एक मुश्किल कैंपेन का सामना करना पड़ा था। हालांकि, बोलोग्ना में जॉडार ने शानदार वापसी करते हुए अपने खेल से सकारात्मक जवाब दिया। दबाव भरे मुकाबले में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया और उस समय टीम के लिए अहम योगदान दिया, जब स्पेन को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। डेनियल मेरिडा ने पहले ही स्पेन को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। उन्होंने दूसरे सिंगल्स मैच से पहले टीम को बढ़त दिलाते हुए उच्च रैंकिंग वाले श्वार्जलर को सीधे सेटों में हराया।

एआई चैटबट टॉकी को ऐप स्टोर से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी। एप्पल ने यौन रूप से आपत्तिजनक कंटेंट और बच्चों के साथ अनुचित बातचीत को लेकर उठी चिंताओं के बाद चीनी कंपनी मिनीमैक्स द्वारा विकसित एआई चैटबॉट टॉकी को अपने ऐप स्टोर से वैश्विक स्तर पर हटा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह कार्रवाई एबीसी न्यूज और ब्रिटेन स्थित ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म की संयुक्त जांच के बाद की गई। जांच के दौरान जब एप्पल से इस मामले में प्रतिक्रिया मांगी गई, तब कंपनी ने यौन कंटेंट से जुड़ी चिंताओं का हवाला देते हुए ऐप को हटाने का फैसला लिया। जांच में ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के कई अभिभावकों के बयान सामने आए, जिन्होंने दावा किया कि उनके बच्चों की बातचीत प्लेटफॉर्म पर मौजूद एआई–जनित पात्रों के साथ यौन रूप से अनुचित और मौखिक रूप से अपमानजनक दिशा में चली गई थी।

सैंडपेपरगेट विवाद की फिर होगी जांच, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बनाया समीक्षा पैनल

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने वरिष्ठ अधिवक्ता फियोना मैकलियोड एओ एससी को एक स्वतंत्र समीक्षा पैनल का प्रमुख नियुक्त किया है। यह पैनल ऑस्ट्रेलिया के 2018 के दक्षिण अफ्रीका टेस्ट दौरे के दौरान हुए विवादित घटनाक्रमों की जांच करेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि समीक्षा की यह प्रक्रिया लगभग छह सप्ताह तक चलेगी। इसके बाद एक रिपोर्ट और सिफारिशें प्रस्तुत की जाएंगी, जिन्हें पूरी तरह सार्वजनिक किया जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की सबसे बदनाम घटनाओं में से एक के 8 साल बाद उस्मान ख्वाजा ने अपनी किताब सब्र में दावा किया कि पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को बॉल–टैम्परिंग की कोशिशों के बारे में पता था और तर्क दिया कि बैनक्रॉफ्ट, स्मिथ और डेविड वार्नर को अकेले सजा नहीं मिलनी चाहिए थी। किताब के लॉन्च



और इसके खुलासों ने सैंडपेपरगेट विवाद को फिर से हवा देने का काम किया। मैकलियोड के पास रॉयल कमीशन सहित जटिल और संवेदनशील मामलों की जांच का तीन दशक से अधिक का अनुभव है। वह दक्षिण अफ्रीका दौरे और उसके बाद हुई जांच से जुड़े लोगों के बयान दर्ज करने और उनसे जानकारी जुटाने की प्रक्रिया की निगरानी करेंगी। यह स्वतंत्र फोरम 2018 के दौरे में शामिल सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साथ–साथ उस समय क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) में जिम्मेदार पदों पर रहे अधिकारियों और बोर्ड सदस्यों को भी अपने विचार रखने के लिए आमंत्रित करेगा। इसके अलावा, मैकलियोड आवश्यकता के आधार पर अन्य इच्छुक व्यक्तियों को भी इस प्रक्रिया में शामिल कर सकेंगी। फ्रेमवर्क की आउटलाइन बताते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने साफ किया कि हिस्सा लेना अपनी मर्जी से रहेगा और प्रक्रिया के दौरान साझा की गई जानकारी के आधार पर कोई पिछली कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसमें शामिल लोग इन–पर्सन या वर्चुअल मीटिंग, लिखकर सबमिशन, या जरूरी दस्तावेज और दूसरी चीजों के जरिए अपनी बातें बता सकते हैं। दी गई जानकारी गोपनीय रहेगी, जब तक कि कोई हिस्सा लेने वाला कुछ और न बताए। इस पहल का मकसद टूर से जुड़े लोगों को एक संरचित सेटिंग में अपनी बात रखने का मौका देना है।


सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की एसेट क्वालिटी अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने बेहतर जोखिम प्रबंधन, मजबूत क्रेडिट अंडरराइटिंग और बैंकिंग सुधारों के दम पर वित्त वर्ष 2026–27 में उल्लेखनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। वित्त मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल कर्ज बढ़कर 127 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जबकि उनकी एसेट क्वालिटी रिकॉर्ड स्तर पर मजबूत हुई है। सकल और शुद्ध एनपीए में लगातार गिरावट से बैंकों की वित्तीय स्थिति और मजबूत हुई है। वित्त मंत्रालय के आधिकारिक बयान के अनुसार, 30 सितंबर 2026 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कुल एडवांस में 18.8 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई।

बॉर्नमाउथ ने सेल्टा विगो को 2–1 से हराया, एसी मिलान और जुवेंटस ने भी दर्ज की जीत

नई दिल्ली, एजेंसी। 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही बॉर्नमाउथ ने यूईएफए यूरोपा लीग में सेल्टा विगो को 2–1 से हराया। टीम ने पहले हाफ में पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी की और लगातार पांचवें मुकाबले में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ बॉर्नमाउथ का सभी प्रतियोगिताओं में जीत का सिलसिला 10 मैचों तक पहुंच गया है। बॉर्नमाउथ ने पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम किया और यूईएफए प्रतियोगिता के अपने पहले पांच मुकाबले जीतने वाला सिर्फ पांचवां क्लब बन गया है। सेल्टा विगो ने बढ़त तब हासिल की जब अनुभवी फॉरवर्ड इयागो एस्पास ने गोल किया। इससे कुछ देर पहले उनकी शानदार ओवरहेड किक को गोलकीपर मिशेल डि ग्रेगोरियो ने बचा लिया था, लेकिन 39 वर्षीय खिलाड़ी ने बाद में पोस्ट के अंदर की ओर सटीक शॉट लगाकर टीम को बढ़त दिलाई। बाफोडे डायकाइट के बाहर होने से बॉर्नमाउथ को झटका लगा, लेकिन टीम ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही वापसी कर ली। अमीन एडली के शानदार पास पर अल्वारो रोड्रिगेज ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद सब्स्टीट्यूट रेयान ने इस अभियान का अपना चौथा गोल दागते हुए बॉर्नमाउथ को बढ़त दिलाई और मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। इस जीत के साथ बॉर्नमाउथ ने पांच मैचों में 15 अंक हासिल कर लिए हैं और 36 टीमों की स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। वहीं, सेल्टा विगो की टीम सिर्फ तीन अंकों के साथ 32वें स्थान पर मौजूद है। वहीं, इटली की बड़ी टीमें एसी मिलान और जुवेंटस, दोनों ने मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अहम जीत हासिल की। ओमारी हचिंसन के शानदार प्रदर्शन ने मिलान को एथेंस में ओलंपियाकोस के खिलाफ 2–0 से पिछड़ने के बाद 4–2 से आगे निकलने में मदद की। ओलंपियाकोस लीग चरण में अपने अपराजित अभियान को जारी रखने की ओर बढ़ रहा था। पहले हाफ में माइक मेगनन के आत्मघाती गोल और ब्रेक के तुरंत बाद जोआओ सिल्वा के शानदार गोल की बदौलत ग्रीक क्लब ने मजबूत बढ़त बना ली थी। हालांकि, एलेक्स हचिंसन ने अपने ही हाफ से शानदार सोलो रन लगाकर एसी मिलान की वापसी की उम्मीद जगाई। इसके बाद इंग्लिश विंगर ने अल्फाजो सिसे के लिए सटीक क्रॉस दिया, जिस पर बैक पोस्ट पर हेडर से गोल हुआ।

लोक हस्तक्षेप



युवा मोर्चा संगठन को मजबूत एवं विस्तारित करना मेरी प्राथमिकता : मनीष चौधरी

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त होने पर मनीष चौधरी ने शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

लोक हस्तक्षेप समाचार

गुरुग्राम। भारतीय जनता युवा मोर्चा हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य नियुक्त होने पर मनीष चौधरी ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी, सह प्रभारी भोला सिंह, प्रदेश अध्यक्षा डॉ. अर्चना गुप्ता, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अक्षित दहिया एवं भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी आभार प्रकट करते हुए कहा कि संगठन द्वारा उन्हें जो महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है, वह उनके लिए गौरव के साथ–साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। वह पार्टी नेतृत्व द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे तथा युवा मोर्चा की संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करेंगे। मनीष चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता



पार्टी का संगठन युवाओं को राष्ट्र निर्माण एवं जनसेवा के लिए प्रेरित करने वाला एक सशक्त मंच है। युवा शक्ति किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है। युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा एवं सकारात्मक सोच को संगठन के कार्यों से जोडकर पार्टी की विचारधारा और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन–जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि उनका विशेष प्रयास रहेगा कि युवा मोर्चा के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत एवं विस्तारित किया जाए। अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्रसेवा, सामाजिक कार्यों एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही, युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय एवं संवाद को बढ़ावा देकर संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। मनीष चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के हित में किए जा रहे कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को युवाओं तक पहुंचाने में युवा मोर्चा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सऊदी अरब की तेल रिफाइनरी पर हूती हमले में नेपाली कर्मचारी की मौत

रियाद, एजेंसी। सऊदी अरब के जजान में हूतियों ने एक तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया है, जिसमें एक कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक नेपाली नागरिक है। हमले के बाद रिफाइनरी में आग लग गई और कई धमाके हुए। यहां आपातकाल की घोषणा करते हुए कामकाज बंद कर दिया गया है। सऊदी के ऊर्जा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि हमले में कई कर्मचारी घायल हुए हैं, जो अलग–अलग देशों के हैं। उनका मेडिकल इलाज किया जा रहा है। यमन के हूती विद्रोहियों से लड़ रहे सऊदी अरब के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने हमले के लिए ईरान समर्थित समूह को कड़ा जवाब देने की बात कही। गठबंधन के प्रवक्ता तुर्की अल–मल्की ने एक्स पर लिखा, जजान रिफाइनरी पर हूती आतंकवादी मिलिशिया ने हमला किया।

सनातन योगस्थली पर संत शिरोमणि रविदास जी के 650 वें जयंती वर्ष में समरसता संकल्प पखवाड़े की हुई शुरुआत





गुरुग्राम/लोकेश कुमार। धर्म,जात–पात, क्षेत्रवाद, भाषावाद इत्यादि अज्ञानता भरी प्रवृत्तियों से ऊपर उठकर निर्गुण ब्रह्म के उपासक, धर्म क्रांति के प्रवर्तक और समरसता का संदेश देने वाले संत शिरोमणि रविदास जी के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष में सनातन योगस्थली पर समरसता संकल्प पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। अथ सनातन योगस्थली के संयोजक आयुर्वेद चिकित्सक डॉ परमेश्वर अरोड़ा ने सैकड़ो की संख्या में उपस्थित योग साधकों को कभी भी जात–पात, क्षेत्रवाद अथवा भाषावाद के नाम पर मानवता को शर्मसार ना करने का प्रण दिलाया। जुडने में ही मानव मात्र का कल्याण है और इसी में मानव मात्र की समृद्धि और सुरक्षा भी ऐसा संदेश देते हुए डॉ परमेश्वर अरोड़ा ने संत रविदास का स्मरण करते हुए कहा कि सनातन योगस्थली का प्रत्येक योग साधक समाज कल्याण के इस नेक एवं महत्वपूर्ण कार्य में प्रेरित रहेगा।

मन चंगा तो कठौती में गंगा कहावत के बारे में बताते हुए डॉ अरोड़ा ने कहा कि असली सुख बाहर की दुनिया में नहीं बल्कि अपने अंतरूकरण के सत्य को पहचानने एवं उससे जुडने में है। यदि सत्य और कल्याण के मार्ग पर विश्वास समर्पण और निर्भय भाव से कोई भी अग्रसारित होता है तो उसके लिए मां गंगा कठौती में ही प्रकट हो सकती हैं। ६ ार्मांतरण नहीं बल्कि धर्म के सत्य मार्ग की ओर प्रेरित होना ही असली बादशाहत है जैसे संदेशों से तत्कालीन मुगल शासको को विनम्र कर देने वाले संत रविदास से संबंधित भजनों एवं उपदेशों से सनातनी योगस्थली का माहौल प्रातरू सात्विक बेला में अदभुत अध्यात्मिक हो चुका था। कार्यक्रम के आयोजन में रजनीश निर्झर, लव कुश मिश्रा, वेद प्रकाश ग्रोवर, अजीत सिंह,जयप्रकाश फरियादी, गुड्डू झा,बिशन बर्मा, कुलदीपक, लाजपत गुलाटी, कृष्ण लाल नारंग, श्याम सुंदर नागपाल, नीतू सिंह, आशा मक्कड़, सीमा त्यागी, नीलम भाटिया, सपना शर्मा, पूनम, सलूजा, सुमन आर्य एवं रश्मि कपूर आदि ने विशेष योगदान दिया।

प्रवासन, विस्थापन और अपनेपन की तलाश को दर्शाती है फिल्म पेरिस पेरिसः इसाबेल टोलनेरे

गोवा,27 नवंबर (आरएनएन)। बेल्जियम की फिल्मकार इसाबेल टोलनेरे ने 57वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के दौरान अपनी फिल्म श्पेरिस पेरिस्य की रचनात्मक यात्रा और उसके विषयों पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि फिल्म प्रवासन, विस्थापन, पहचान और अपनेपन की तलाश जैसे विषयों के माध्यम से घर के वास्तविक अर्थ को समझने का प्रयास करती है। अंतरराष्ट्रीय सिनेमा श्रेणी में प्रदर्शित यह फिल्म फ्रांस की राजधानी पेरिस में रहने वाले तीन पुरुषों के जीवन पर आधारित है। टोलनेरे ने गोवा में पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि फिल्म की कहानी पेरिस की एक इमारत में रहने वाले अलग–अलग पृष्ठभूमियों के तीन पुरुषों के इर्द–गिर्द घूमती है।

तीनों एक ऐसे अपार्टमेंट में अपने लिए घर बसाने का प्रयास करते हैं, जिस पर अनधिकृत रूप से कब्जा किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण और संतुलित जनप्रतिनिधित्व की दिशा में महत्वपूर्ण पहल : सर्वप्रिय त्यागी

लोक हस्तक्षेप समाचार

गुरुग्राम । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 27 नवंबर को आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में परिसीमन एवं महिला आरक्षण से जुड़े संशोधित विधायी प्रस्तावों को मंजूरी दिए जाने का भाजपा गुरुग्राम के जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी और पदाधिकारियों ने स्वागत किया है। जिलाध्यक्ष त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण, संतुलित जनप्रतिनिधित्व और लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी को विशेष प्राथमिकता दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी नारी शक्ति को नीति निर्माण एवं निर्णय प्रक्रिया में अधिक अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परिसीमन के संशोधित प्रस्ताव में राज्यों के संसदीय प्रतिनिधित्व का संतुलन बनाए रखने का प्रयास भी किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं इस पहल की सराहना की। भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक हिना शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण से जुड़े संशोधित प्रस्ताव को मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलना उन असंख्य माताओं और बेटियों की आकांक्षाओं को स्वर देने की पहल है, जिन्होंने परिवार की जिम्मेदारियों के साथ राष्ट्र निर्माण का सपना संजोया है। रसोई से संसद तक का यह सफर पीढियों की उम्मीदों, त्याग, आत्मसम्मान और अनकहे सपनों को आवाज देने का अवसर है। भाजपा महिला मोर्चा हरियाणा की प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि महिला आरक्षण देश की आधी आबादी के अधिकार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इस विषय पर सभी राजनीतिक दलों को अपने मतभेदों से ऊपर उठकर सकारात्मक संवाद और व्यापक सहमति की दिशा में आगे बढना चाहिए। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अजय दुआ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा संशोधित प्रस्तावों को मंजूरी दिए जाने के बाद अब संसद में इन पर व्यापक चर्चा का अवसर मिलेगा। विपक्ष से अपेक्षा है कि वह अपने सुझावों एवं आपत्तियों पर रचनात्मक संवाद करते हुए परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े विधेयकों को सर्वसम्मति से पारित कराने में सहयोग करे। भाजपा महिला मोर्चा, गुरुग्राम की जिलाध्यक्ष डॉ. विशिका यादव जैन ने कहा कि महिलाएँ केवल मतदाता नहीं, बल्कि नीति निर्माता, निर्णयकर्ता और राष्ट्र निर्माण की नेतृत्वकर्ता भी बनें। नारी शक्ति की सक्रिय सहभागिता विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण एवं परिसीमन की दिशा में उठाए गए कदम महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता और नेतृत्व के अवसरों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। गुरुग्राम भाजपा जिला प्रवक्ता सुशीला कटारिया ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा परिसीमन के संशोधित प्रस्ताव को मंजूरी दिया जाना संतुलित संसदीय प्रतिनिधित्व की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण और राज्यों के प्रतिनिधित्व से जुड़े विषयों पर आगे बढ़ाए गए प्रस्तावों का स्वागत किया।



21 YEARS OF FEARLESS
JOURNALISM DEFINING
THE POWER OF TRUTH.

लखनऊ | वाराणसी | नई दिल्ली